उज्जैन
शनिवार
01
अगस्त, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-269
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 सिंहस्थ 2028: उज्जैन शहर बनेगा आस्था पर्यटन, व्यापार और निवेश की नई राजधानी
7 कॉमनवेल्थ गेम्स-जेवलिन में नीरज सिल्वर और यशवीर ने ब्रॉन्ज जीता

### हमला हुआ तो वर-इजराइल के बेस पर अटैक करेंगे : ईरान

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अब उन्हें ईरान पर भरोसा नहीं रहा। कैंप डेविड में कैबिनेट बैठक के दौरान उन्होंने कहा, ईरान झूठ बोलता है, गलत जानकारी देता है। बातचीत की बात तो करता है, लेकिन बार-बार अपने वादे से मुकर जाता है। हालांकि, ट्रम्प ने साफ किया कि दोनों देशों के बीच बातचीत अभी भी चल रही है। उन्होंने बताया कि अमेरिका की ओर से स्टीव विटकॉफ, जेडी वेंस, मार्को रुबियो और जेरेड कुशनर बातचीत संभाल रहे हैं। उधर, ईरान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अगर अमेरिका हमला करता है तो उसका जवाब पूरी तैयारी के साथ दिया जाएगा। उनके मुताबिक, जवाबी कार्रवाई में अमेरिका और इजराइल के अहम सैन्य ठिकानों और बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया जाएगा।

### अमेरिका में एफ-35बी फाइटर जेट क्रैश, पायलट सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब

**सैन डिएगो।** अमेरिका के सैन डिएगो में शुक्रवार सुबह मरीन कॉर्प्स का एफ-35बी फाइटर जेट मिरामार एयर बेस के पास क्रैश हो गया। हादसे के बाद विमान में आग लग गई, जिसे दमकलकर्मियों ने बुझा दिया। मरीन कॉर्प्स के मुताबिक, पायलट समय रहते इजेक्ट कर सुरक्षित बाहर निकल आया। उसे मामूली चोटें आई हैं और इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने इस हादसे को 'क्लास अ मिसहैप' घोषित किया है। यह सैन्य विमान हादसों की सबसे गंभीर श्रेणी होती है। इसमें विमान पूरी तरह नष्ट हो जाए, 20 लाख डॉलर (करीब 17 करोड़ रुपये) से ज्यादा का नुकसान हो या किसी सैनिक की मौत हो जाए। एक एफ-35बी फाइटर जेट की कीमत करीब 109 मिलियन डॉलर (करीब 950 करोड़ रुपये) बताई जाती है।

### उत्तरप्रदेश में महिलाओं-बुजुर्गों को 1500 रुपये प्रतिमाह पेंशन

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा चुनाव से ठीक पहले योगी सरकार ने बड़ा सियासी दांव चला है। राज्य के 1.18 करोड़ से ज्यादा पेंशन लाभार्थियों को सरकार बड़ी राहत देने की तैयारी में है। इनमें वृद्ध, विधवा, निराश्रित महिलाओं और दिव्यांगजनों को शामिल किया गया है। 4 अगस्त से शुरू हो रहे विधानमंडल के मानसून सत्र में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए करीब 20 हजार करोड़ रु. का अनुपूरक बजट पेश करेंगे। इसमें इन पेंशन योजनाओं में 500 रु. हर महीने की बढ़ोतरी का प्रावधान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 13 फरवरी, 2016 को विधानसभा में कहा था- वृद्धजनों और निराश्रित महिलाओं को सम्मानपूर्वक जीवन का अधिकार है। इसलिए उन्हें 1500 रु. हर महीने पेंशन मिलनी चाहिए।

### तेल-गैस खोज के लिए 84 हजार करोड़ रुपए मंजूर, कैबिनेट की बैठक में फैसला

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट और सीसीए की बैठक हुई। इसमें समुद्र मंथन, सूर्य सरोवर योजना, पीएम सम्मान निधि और खेलो इंडिया जैसी कई योजनाओं पर फैसले लिए गए। बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट ब्रीफिंग को संबोधित किया। उन्होंने कहा- समुद्र मंथन नाम की एक बड़ी योजना को मंजूरी दी गई है। इसका मकसद देश में तेल और गैस उत्पादन के लिए खोज करना है और इसके लिए 84,084 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। यह देश में तेल और गैस की बढ़ती मांग के लिए एक बड़ा गेम-चेंजर साबित होगा। उन्होंने कहा- केंद्रीय कैबिनेट ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को भी वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ा दिया है। इस अवधि के लिए सरकार ने 3.15 लाख करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया है।

### प्रधानमंत्री मोदी आज आंध्र प्रदेश-कर्नाटक के दौरे पर

**कर्नाटक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को आंध्र प्रदेश और कर्नाटक का दौरे पर जा रहे हैं। इस दौरान वे इंफ्रास्ट्रक्चर, सेमीकंडक्टर, रिन्यूएबल एनर्जी और रोड कनेक्टिविटी से जुडे. करीब 18000 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। पीएम मोदी दिल्ली से अमरावती पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे। इसकी डिजाइन चुट्टिलू कॉटेज से प्रेरित है। विजयनगरम जिले के भोगपुरम में बने अल्लूरी सीताराम राजू एयरपोर्ट करीब 5,000 करोड़ रुपए की लागत से बना है। इसके बाद पीएम जनसभा भी करेंगे। इसके बाद दोपहर 3:30 बजे, प्रधानमंत्री मैसूरु में श्री रामकृष्ण आश्रम में स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक युवा केंद्र-विवेक स्मारक का उद्घाटन करेंगे।

### पाकिस्तान में गैंगस्टर उजैर बलोच के भाई पर हमला

**कराची।** पाकिस्तान के कराची में जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर उजैर बलोच के भाई जुबैर बलोच पर गुरुवार शाम जानलेवा हमला हुआ। कराची के ल्यारी इलाके में उनके घर के बाहर बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। हमले में 40 साल के जुबैर गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि गोलीबारी की चपेट में आए दो राहगीर भी जख्मी हुए हैं। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जुबैर के सीने और पेट में गोलियां लगी हैं और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पाकिस्तानी अखबार डॉन के मुताबिक, हमलावर वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए।

---

दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में पहलगाम जैसा हमला

# आतंकियों ने दो हिंदुओं का नाम पूछकर गोली मारी, दोनों की मौत

ब्रह्मास्त्र ›› श्रीनगर

दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में शुक्रवार को पहलगाम जैसा हमला हुआ। आतंकवादियों ने ईंट-भट्ठे पर काम कर रहे प्रवासी मजदूरों के नाम पूछे। फिर छत्तीसगढ़ के दो हिंदुओं को समूह से अलग करके गोली मार दी। हमले में एक मजदूर की मौके पर और दूसरे मजदूर की अस्पताल में मौत हो गई। मारे गए युवक की पहचान 24 साल के दीपक रात्रे और 28 साल के भूपेंद्र के रूप में हुई है। अधिकारियों के अनुसार, हमला कुलगाम से करीब 20 किलोमीटर दूर केलाम में हुआ। इस दौरान 3-4 राउंड फायर किए गए। आतंकियों ने हमले से पहले रेकी करके ये इलाका चुना था।

घटना के समय वहां कई प्रवासी मजदूर मौजूद थे, लेकिन हिंदू सिर्फ यही दोनों थे। आतंकी हमले की खबर के तुरंत बाद सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है। गाड़ियों की चेकिंग की जा रही है। वहीं पुलिस की गाड़ियां आतंकियों की तलाश में जुट गई हैं।

### एक आतंकी के पाकिस्तानी होने की आशंका

सूत्रों ने बताया कि जांच एजेंसियों को हमले में एक स्थानीय और एक पाकिस्तान के आतंकी के शामिल होने का संदेह है। शुरूआती जांच का फोकस मोहम्मद लतीफ पर है।
वह पिछले साल लश्कर-ए-तैयबा/द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) में शामिल हुआ था। मामले की जांच जारी है। अभी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।



### घाटी में फिर खौफ पैदा करने की साजिश

टारगेट किलिंग से आतंकी फिर जम्मू-कश्मीर में खौफ पैदा करने की साजिश रच रहे हैं। इससे पहले भी आतंकी मुख्य रूप से प्रवासी मजदूरों, अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों और निहत्थे नागरिकों को निशाना बना चुके हैं। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार इस तरह के हमलों का मुख्य उद्देश्य घाटी में काम कर रहे बाहरी लोगों में दहशत का माहौल पैदा करना और क्षेत्र की शांति व विकास को बाधित करना है।

### 10 दिन पहले पुलिस जवान पर हुआ था आतंकी हमला

10 दिन पहले ऐसा ही एक आतंकी हमला अनंतनाग के लाल चौक इलाके में 21 जुलाई को हुआ था। आतंकियों ने अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों पर फायरिंग की थी, जिसमें एक हेड कॉन्स्टेबल शहीद हो गया था। अचानक हुए हमले के बाद सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की। दोनों तरफ से फायरिंग के दौरान हेड कॉन्स्टेबल आशिक हुसैन कुरैशी जख्मी हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### तो निशाने पर थी अमरनाथ यात्रा

सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार आतंकियों के निशाने पर अमरनाथ यात्रा थी। लेकिन सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध के कारण वह अपनी इस साजिश में सफल नहीं हो सके। इससे पहले भी दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग में आतंकियों ने अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा में तैनात पुलिस हेड कांस्टेबल आशिक हुसैन कुरैशी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। वह मामला भी टारगेट किलिंग का ही था। तब चार हजार संदिग्धों को हिरासत में लिया गया था।

### पाकिस्तानी आतंकी के शामिल होने के संकेत

सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार हमले में असॉल्ट राइफल का प्रयोग हुआ है। इसमें पाकिस्तानी आतंकियों के शामिल होने की आशंका है। पाकिस्तान लगातार पीओके से ध्यान भटकाने के लिए आतंकियों की जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ का प्रयास करता रहा है। इसी सप्ताह सुरक्षा बलों ने घुसपैठ के दो बड़े प्रयास असफल किए हैं। शुक्रवार को ही एक पाकिस्तान ड्रोन को मार गिराया।

---

# गुजरात के सूरत में 24 घंटे में 24 इंच बारिश

## यूपी में 9 घर सरयू में समाए; राजस्थान-बिहार समेत 18 राज्यों में अलर्ट जारी

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

गुजरात में शुक्रवार को हुई भारी बारिश के कारण कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात बन गए। सूरत में सबसे अधिक 24 इंच बारिश दर्ज की गई, जबकि 12 अन्य क्षेत्रों में 10 इंच से अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने शनिवार को गुजरात और केरल राज्य के कई जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।

पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश के कारण उत्तर प्रदेश में गंगा, घाघरा और सरयू समेत 10 नदियां उफान पर हैं। बलिया में सरयू नदी के कटाव से एक ही दिन में 9 मकान नदी में समा गए।

मौसम विभाग ने पूर्वी राजस्थान, मध्य महाराष्ट्र, गोवा और कर्नाटक के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, दिल्ली और बिहार समेत 12 राज्यों में यलो अलर्ट जारी किया गया है।

### बलिया में नदी में 9 मकान समाए

- यूपी में मानसून की रफ्तार फिलहाल सुस्त पड़ गई है। पश्चिमी यूपी के कुछ हिस्सों को छोड़कर प्रदेश के बाकी इलाकों में बारिश थम गई है। शनिवार सुबह 6:30 बजे बरेली में तेज बारिश हुई। वहीं, लखनऊ, कानपुर और गोरखपुर समेत कई शहरों में बादल छाए रहे। तेज ठंडी हवाएं चलीं।
- उधर, पहाड़ों पर हो रही लगातार बारिश से गंगा, घाघरा और सरयू समेत 10 नदियां उफान पर हैं। बलिया में सरयू नदी के कटाव की चपेट में आकर एक ही दिन में 9 मकान नदी में समा गए, जबकि 100 से ज्यादा परिवार अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाने को मजबूर हो गए।
- लखीमपुर खीरी की नहर में शुक्रवार को फिर मगरमच्छ दिखा। इससे आसपास के गांवों में दहशत फैल गई। एक हफ्ते पहले इसी इलाके में मगरमच्छ ने एक कुत्ते का शिकार किया था। वहीं, एक दूसरे गांव में खेत के पास लगे जाल में 12 फीट लंबा अजगर फंस गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने उसे रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया।
- मौसम विभाग के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र अब ओडिशा और छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ गया है, जिस वजह से यूपी में मानसूनी गतिविधियों पर अस्थायी ब्रेक लग गया है। सैटेलाइट तस्वीरों में भी प्रदेश के करीब 70-80% हिस्से से बारिश कराने वाले बादल गायब दिख रहे हैं। हालांकि, मौसम विभाग ने आज 71 जिलों में हल्की बारिश की संभावना जताई है।

---

भोपाल को मिली बड़ी पहचान

## महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के साथ 595 करोड़ की परियोजनाएं मंजूर

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

भोपाले मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आगामी अक्टूबर 2026 के दौरान प्रतिष्ठित 'महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी' का भव्य आयोजन होने जा रहा है। बरखेड़ा नाथू स्थित आधुनिक अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होने वाले इस अंतरराष्ट्रीय खेल महाकुंभ के लिए 18 करोड़ 74 लाख रुपये की सैद्धांतिक प्रशासनिक स्वीकृति मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) की बैठक में प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, बैठक में भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) में ड्रोन टेक्नोलॉजी पर आधारित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' की स्थापना तथा प्रदेश में आईटी पार्कों के विकास के लिए भारी-भरकम राशि स्वीकृत किए जाने पर मुहर लगाई गई।

### कैबिनेट बैठक के प्रमुख निर्णय और आयोजन का स्वरूप

दतिया विधानसभा उपचुनाव में व्यस्तता के चलते बैठक में अधिकांश मंत्री वर्चुअल माध्यम से जुड़े। इस प्रतिष्ठित हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 'हॉकी इंडिया' और मध्य प्रदेश शासन के 'खेल एवं युवा कल्याण विभाग' के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा। इस टूर्नामेंट में भारत, चीन, जापान, मलेशिया, दक्षिण कोरिया और थाईलैंड जैसे प्रमुख एशियाई देशों के लगभग 200 प्रतिभाशाली खिलाड़ी और उनका सपोर्ट स्टाफ हिस्सा लेगा।

### 8 हजार रोजगार सृजन और वित्तीय आवंटन

समझौते के प्रावधानों के तहत, प्रेजेंटिंग पार्टनर राइट्स के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 'हॉकी इंडिया' को 11 करोड़ रुपये की राशि दी जाएगी, जबकि अन्य सभी प्रबंधों और व्यवस्थाओं पर 7.74 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। कैबिनेट ने आईआईएसईआर में ड्रोन तकनीक आधारित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और आईटी पार्क की स्थापना हेतु कुल 595 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी है। इस निवेश से राज्य में तकनीकी विकास को गति मिलेगी और लगभग 8 हजार से अधिक स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इसके अलावा, नवीन तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम सहित अन्य संस्थाओं को सहायता के रूप में 110 करोड़ रुपये तथा क्लाउड सेवाओं के प्रबंधन हेतु 26.50 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।

## ई20 फ्यूल के खिलाफ आम आदमी पार्टी का आज टाउनहॉल

### केजरीवाल बोले- सरकार इसे वापस ले, इस पर चर्चा करेंगे, जिनकी गाड़ियां खराब हुई वे भी पहुंचेंगे

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी 1 अगस्त को ई20 फ्यूल के मुद्दे पर नेशनल टाउन हॉल करेगी। पार्टी ने कहा है कि सभी विशेषज्ञों को एक मंच पर लाया जाएगा। अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि लोग ई20 फ्यूल की वजह से भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गाड़ियां खराब हो रही हैं। माइलेज कम हो रहा है। इससे पहले कि यह मुद्दा एक बड़े आंदोलन का रूप ले ले, प्रधानमंत्री को हस्तक्षेप कर इसे हल करना चाहिए।

### भारत में क्यों हो रहा है ई20 पेट्रोल का विरोध?

भारत में 20% एथेनॉल और 80% पेट्रोल के इस मिश्रण (ए20) का विरोध हो रहा है। खासकर 2023 से पहले बनी पेट्रोल गाड़ियों के मालिक परेशान हैं। उनका दावा है कि इस फ्यूल से गाड़ियों का माइलेज कम हो रहा है, मेंटेनेंस का खर्च बढ़ गया है। इंजन के पार्ट्स जल्दी खराब हो रहे हैं।

12 साल बाद सरकारी विश्राम गृहों का किराया बढ़ा

## उज्जैन में भी अब दोगुना देना होगा शुल्क

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मध्य प्रदेश सरकार ने करीब 12 वर्ष बाद प्रदेश के सरकारी विश्राम गृहों, सर्किट हाउस और विश्राम भवनों के किराए में बढ़ोतरी कर दी है। नई दरें उज्जैन सहित पूरे प्रदेश में लागू हो गई हैं। किराए में की गई इस वृद्धि के बाद विभिन्न श्रेणियों के कमरों और सुइट्स के लिए ठहरने वाले लोगों को पहले की तुलना में लगभग दोगुना शुल्क चुकाना होगा।

प्रदेश सरकार द्वारा लंबे समय से विश्राम गृहों की किराया दरों में संशोधन नहीं किया गया था। इस दौरान भवनों के रखरखाव, मरम्मत, बिजली-पानी, साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं पर होने वाला खर्च काफी बढ़ गया है। इसे देखते हुए सरकार ने किराया दरों को संशोधित करने का निर्णय लिया है। नई व्यवस्था के तहत अलग-अलग श्रेणी के कमरों और सुइट्स के किराए में लगभग 100 प्रतिशत तक की वृद्धि की गई है।

धार्मिक नगरी उज्जैन में इसका सीधा असर देखने को मिलेगा। यहां वर्षभर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, सरकारी कर्मचारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा अन्य अतिथि आते हैं। इसके अलावा महाकालेश्वर मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए पहुंचने वाले पर्यटक भी सरकारी विश्राम गृहों में ठहरते हैं। ऐसे में बढ़ी हुई दरों के कारण अब यहां ठहरने के लिए पहले की अपेक्षा अधिक राशि खर्च करनी होगी।

### शहर में वीआईपी और अधिकारियों की आवाजाही लगातार बढ़ने की संभावना

उज्जैन में समय-समय पर होने वाले धार्मिक आयोजनों, महाकाल की सवारी, पर्व-त्योहारों और बड़े प्रशासनिक कार्यक्रमों के दौरान सरकारी विश्राम गृहों की मांग बढ़ जाती है। आगामी सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच भी शहर में वीआईपी और अधिकारियों की आवाजाही लगातार बढ़ने की संभावना है। ऐसे में नई किराया दरों का प्रभाव और अधिक दिखाई दे सकता है। हालांकि, सरकार का मानना है कि संशोधित किराया दरों से विश्राम गृहों की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने और उनके रखरखाव में सहायता मिलेगी। वहीं, ठहरने वाले लोगों को अब सरकारी विश्राम गृहों में सुविधा लेने के लिए पहले से अधिक भुगतान करना होगा।

## आज तमिलनाडु के दौरे पर रहेंगे राहुल गांधी

ब्रह्मास्त्र ›› चेन्नई

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शनिवार को तमिलनाडु के महाबलीपुरम में पार्टी संगठन की बड़ी बैठक करेंगे। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, आज होने वाली इस बैठक में वे राज्य के 74 जिला अध्यक्षों से चर्चा करेंगे।

साथ ही प्रेजेंटेशन के जरिए जिला अध्यक्षों को भी संबोधित करेंगे और आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर रोडमैप तैयार करेंगे। बैठक का मुख्य फोकस बूथ स्तर तक कार्यकताओं को अधिक प्रभावी ढंग से जोड़ना है। बैठक के बाद राहुल गांधी राज्य के सांसदों, विधायकों, पूर्व विधायकों और पूर्व उम्मीदवारों के साथ भी अलग से बैठक करेंगे।

14.2 किलो वाले घरेलू सिलिंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

## कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर के दाम 200 रुपये से अधिक घटे

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

वाणिज्यिक एलपीजी सिलिंडर के दाम में आज 200 रुपये से अधिक की कटौती की गई। समाचार एजेंसी एएनआई ने बताया कि आज कोलकाता में 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर की कीमत में 209 रुपये और दिल्ली में 202 रुपये की कटौती की गई है। इस बदलाव के बाद, आज से कोलकाता में 19 किलो वाले कमर्शियल सिलिंडर की कीमत 2,872.50 रुपये होगी।

कमर्शियल सिलिंडर का रेट घटने से रेस्टोरेंट, होटल और चाय की दुकान वालों को सीधा फायदा होगा। 14.2 किलो वाले घरेलू सिलिंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। 19 किलो वाला कमर्शियल सिलेंडर अब दिल्ली में अब 2,728 रुपये में मिलेगा। पहले इसका रेट 2,930 था।

### क्या घरेलू रसोई गैस के दाम भी घटेंगे?

सूत्रों के मुताबिक घरेलू एलपीजी सिलिंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इस बार घरेलू एलपीजी सिलिंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है और उपभोक्ताओं को पहले की ही दरों पर सिलेंडर मिलेगा। दिल्ली में घरेलू रसोई गैस सिलिंडर 942 रुपये, कोलकाता में 968 रुपये, मुंबई में 941.50 रुपये और चेन्नई में 957.50 रुपये में मिल रहा है।

### पिछली बार कब बदली थी कीमतें?

इससे पहले 1 जुलाई को भी तेल विपणन कंपनियों ने 19 किलोग्राम के कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर की कीमत में 183.50 रुपये की कटौती की थी। इस कमी के बाद राजधानी दिल्ली में इसकी कीमत 2,930 रुपये हो गई थी। वहीं, कोलकाता में दाम 3,255.50 रुपये से घटकर 3,081.50 रुपये पर आ गए थे। पटना में भी 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर की कीमत घटकर 3,227 रुपये हो गई थी। यह वर्ष 2026 में कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर के दाम में दर्ज की गई पहली बड़ी कटौती थी।



## खबर एक नजर...

### काल भैरव में वसूली व किसानों के मुद्दे पर युवा कांग्रेस ने की बैठक

**उज्जैन।** संगठन को मजबूत करने, मध्य प्रदेश में किसानों के साथ मंडी में वृद्धि और काल भैरव में 500 रुपए की वसूली के मुद्दे को लेकर जिला युवा कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित यादव के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ नेता सतीश मरमट उपस्थित रहे। साथ ही जिला प्रभारी वरेश जादौन एवं प्रदेश महासचिव राधा मालवीय ने भी विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान युवा कांग्रेस कार्यकताओं ने संगठन की मजबूती और प्रदेश तथा स्थानीय स्तर के ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर आगे की रणनीति तैयार की। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष यश जैन, हिमांशु शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष नाजिम कुरेश, महेंद्र रंगवाल, हर्ष पटेल, पवन आंजना, मिलन, योगेश दायमा, बंटी राउत, अश्विन मावरी, अरुण सिसोदिया, आर्यन मालवीय, अरबाज कुरैशी, चेतन प्रजापत, रिजवान लाला, सोनू परमार, यशवंत मालवीय, अभी मालवीय, विक्की सिसोदिया, मनीष कीर, राजपाल बना, यश राज चावड़ा, मुकुंद कीर, मयूर तीनखेड़े, लोकेन्द्र शेखावत एवं युवा कांग्रेस के अन्य साथी उपस्थित रहे।

### बरसते पानी में बदले मार्ग से भ्रमण पर निकले बटुक भैरव

**उज्जैन।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर चक्रतीर्थ स्थित बटुक भैरव मंदिर में भव्य आयोजन किए गए। शहर में चल रहे विकास कार्यों के चलते इस वर्ष बटुक भैरव का चल समारोह परिवर्तित मार्ग से निकाला गया। बरसते पानी के बीच बाबा बटुक भैरव नगर भ्रमण पर निकले, जिसमें श्रद्धालुओं का भारी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर मंदिर को विदेशी फूलों से आकर्षक रूप से सजाया गया था। मंदिर के प्रमुख पुजारी वरुण तिवारी ने बताया कि गुरु पूर्णिमा महोत्सव के तहत सुबह वेदोक्त विधान से अभिषेक किया गया। इसके पश्चात गुरु पूजन और गुरु दक्षिणा का कार्यक्रम संपन्न हुआ। भगवान बटुक भैरव का मनमोहक श्रृंगार फ्लावर आर्टिस्ट राकेश बरोड़ और प्रिंस चावड़ा द्वारा किया गया। विदेशी फूलों से सजे दरबार के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। दोपहर 12 बजे बाबा का चल समारोह शुरू हुआ जो परिवर्तित मार्गों से होता हुआ गुजरा।

### 33 वर्ष सेवाएं देने के बाद रमेश चंद्र यादव सेवानिवृत्त

**उज्जैन।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आईसी सहायक के पद पर पदस्थ रमेश चंद्र यादव 33 वर्ष की बेदाग सेवा देने के बाद 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर सीएमएचओ कार्यालय में एक सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल की अध्यक्षता, संभागीय अध्यक्ष एम आर मंसूरी, संभागीय सचिव संजय सिसोदिया, जिला प्रवक्ता ललित नागर, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार सोलंकी और प्रमोद राय के नेतृत्व एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जितेंद्र सिंह राजपूत, डॉ. सुनीता परमार, डॉ. मंजूषा पीप्पल, परविंदर बग्गा, जितेंद्र अहिरवार, चरण सिंह मंडलोई, विकास राजपूत, अर्चना जॉर्ज तथा महेश कलमे की विशेष उपस्थिति में रमेश चंद्र यादव का पुष्पमाला पहनाकर, मिठाई खिलाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

### 13 को मनेगी वीर दुगार्दास राठौड़ की 388वीं जयंती

**उज्जैन।** क्षिप्रा तट स्थित ऐतिहासिक समाधि स्थल पर 13 अगस्त को क्षत्रिय वीर दुगार्दास राठौड़ की 388वीं जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर समग्र राजपूत सरदारों द्वारा उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा 56 करोड़ रुपये की लागत से इस स्मारक का तेजी से विकास किया जा रहा है, जिससे यह स्थल जल्द ही शहर के प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में पहचाना जाएगा।

वीर दुगार्दास राठौड़ स्मृति समिति के संयोजक भरत सिंह हाड़ा ने बताया कि पुष्पांजलि कार्यक्रम में जोधपुर राजवंश के प्रतिनिधियों के साथ ही विभिन्न क्षत्राणी संगठन भी शामिल होंगे। हाड़ा के अनुसार, वीर दुगार्दास जोधपुर-मारवाड़ राजवंश के प्रमुख सेनापति थे। उन्होंने मारवाड़ और सीमावर्ती रियासतों पर मुगलों और आततायियों के आक्रमणों का डटकर मुकाबला कर विद्रोहियों को धूल चटाई थी। जीवन के अंतिम समय में 86 वर्ष की आयु में क्षिप्रा तट पर उनका निधन हुआ था। इसके बाद जोधपुर राजवंश ने यहां उनकी समाधि का निर्माण कराया था। वर्तमान में यह स्मारक पुरातत्व विभाग के संरक्षण में है। समिति ने नगर के सभी राजपूत सरदारों और गणमान्य नागरिकों से 13 अगस्त को पुष्पांजलि कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

---

कालिदास कन्या महाविद्यालय में सिविल सेवा अभिप्रेरण कार्यक्रम, जेमिनी के सही उपयोग के साथ बताए एमपीपीएससी व यूपीएससी क्रैक करने के तरीके

# जिला पंचायत सीईओ कुमट ने छात्राओं को दिए सफलता के मंत्र

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय में सिविल सेवा दिवस के उपलक्ष्य में अभिप्रेरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता के रूप में जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कुमट ने छात्राओं को मार्गदर्शन दिया।

सीईओ कुमट ने छात्राओं को बताया कि करियर का चुनाव करने के लिए अपनी ताकत और कमजोरी का पता होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने एक कविता 'मछली को लगाकर उड़ने न कहो बोलो श्रीमान, नीचे गिर जायेगी श्रीमान' के माध्यम से रुचि अनुसार करियर चुनने की बात समझाई। जीवन को तरंग की भांति बताते हुए उन्होंने गौतम बुद्ध के मध्यम मार्ग को अपनाकर





समभाव से चलने के लिए प्रेरित किया। कुमट ने आधुनिक तकनीक का जिक्र करते हुए छात्राओं को चैट जीपीटी और जेमिनी के सही उपयोग के बारे में बताया। साथ ही, एमपीपीएससी और यूपीएससी परीक्षाओं के चरण व तैयारी पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं के प्रश्नों के माध्यम से उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य वंदना गुप्ता ने भी मछली और बंदर के उदाहरण से छात्राओं को अपनी रुचि अनुसार रोजगार चुनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सिविल सेवा अधिकारियों के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा दी गई 'स्टील फ्रेम' की उपमा को परिभाषित किया। गुप्ता ने महिला प्रशासनिक अधिकारी किरण बेदी का उदाहरण देकर छात्राओं को सिविल सेवा में जाने हेतु प्रेरित किया। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन एवं राजनीतिक विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के गांधी हॉल में आयोजित किया गया। कॅरियर मार्गदर्शन प्रभारी अंजना बुंदेला ने कार्यक्रम का संचालन किया। उन्होंने बताया कि यह आयोजन उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार हुआ। अतिथि परिचय व आभार प्रदर्शन मनीष परमार ने किया। आयोजन में कविता जैन, मीरा यादव, वीथिका जैन और अंजना जायसवाल का सहयोग रहा।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने मुख्य अतिथि श्रेयांश कुमट को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। महाविद्यालय को स्मृति स्वरूप मनीष परमार एवं अंजना बुंदेला ने प्राचार्य को स्मृति चिह्न प्रदान किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्राध्यापक और छात्राएं उपस्थित रहीं।

---

सावन के पहले दिन सांसद संत उमेशनाथ महाराज के सानिध्य में हुआ आयोजन

# वाल्मीकि धाम में 51 लाख बार गूंजा 'ओम नमः शिवाय'





### शहर के 250 स्थानों पर होगा जाप

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सावन माह के प्रथम दिवस पर श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम आश्रम में 'ओम नमः शिवाय' का 51 लाख बार जाप किया गया। वाल्मीकि धाम पीठाधीश्वर एवं राज्यसभा सांसद राष्ट्रीय संत बालयोगी श्री उमेशनाथ जी महाराज के सानिध्य में देश के विभिन्न प्रांतों से आए भक्तों ने करीब दो घंटे तक भावविभोर होकर यह जाप किया। आश्रम में मौजूद 16 राज्यों के शिष्य-भक्तों ने अपने-अपने शहरों के साथ ही अन्य देशों में भी 'ओम नमः शिवाय' जाप का आयोजन करने का संकल्प लिया। महामंत्र जाप के पश्चात सभी भक्तों ने भजनों का आनंद लिया।

उल्लेखनीय है कि संत श्री उमेशनाथ जी महाराज की प्रेरणा से 'ओम नमः शिवाय' जप समिति और श्री हरि आध्यात्मिक सेवा संस्थान द्वारा पिछले 11 वर्षों से सावन माह में यह आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत पूरे सावन मास में शहर के मठ-मंदिरों, स्कूल, कॉलेजों सहित विभिन्न स्थानों पर जाप किया जाता है। इस वर्ष भी उज्जैन शहर में लगभग 250 स्थानों पर 'ओम नमः शिवाय' का जाप किया जाएगा।

### 27 को होगा सनातन गौरव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह

उज्जैन। आगामी 27 सितंबर को बेटी दिवस के अवसर पर शहर के शर्मा परिसर में सनातन गौरव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह-2026 आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सर्व श्री सनातन धर्म संस्कार जन कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने बड़नगर पहुंचकर विधायक जितेन्द्र पण्ड्या को आमंत्रण पत्र सौंपा। विधायक पण्ड्या ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह में समाज सेवा, शिक्षा, पत्रकारिता, चिकित्सा, संस्कृति और धर्म के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों व प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। इस दौरान सनातन गौरव सम्मान और नारी शक्ति सम्मान भी प्रदान किए जाएंगे। विधायक को आमंत्रण देने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में समिति के प्रदेश अध्यक्ष पं. मनोज रावत, अध्यक्ष अभिजीत जोशी, रितिक सोनगरा अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

# पॉलिथीन मुक्त भंडारा शुरू, व्यवस्था पर नगर निगम ने किया सम्मान



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सावन माह में देशभर से भगवान महाकाल के दर्शन और जलाभिषेक के लिए आने वाले कांवड़ यात्रियों व श्रद्धालुओं के लिए मप्र युवा शिव सेना गौ रक्षा न्यास द्वारा निःशुल्क भोजन प्रसादी सेवा शुरू की गई है। हरसिद्धि स्थित मस्त बालवीर हनुमान मंदिर के समीप रामघाट मार्ग पर यह सेवा पूरे सावन माह तक जारी रहेगी। भोजन वितरण में पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखते हुए किसी भी प्रकार की पॉलिथीन या सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया जा रहा है। इस अनुकरणीय पहल से प्रभावित होकर नगर निगम की टीम ने निरीक्षण के दौरान न्यास के पदाधिकारियों और कार्यकताओं का सम्मान कर शुभकामनाएं दीं।

संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष सिंह चौहान के नेतृत्व में न्यास लगातार सातवें वर्ष यह 30 दिवसीय आयोजन कर रहा है। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि हरि दुबे रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में एम. यादव बस के संचालक सोनू यादव, निःशुल्क भोजन समिति के अध्यक्ष राजकुमार झंझोट तथा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हेमलता तोमर उपस्थित रहीं।

---

# प्रेमचंद के कथा साहित्य में स्वाधीनता से लेकर सुराज तक की चिंता- प्रो. शर्मा

### प्रेमचंद के कथा साहित्य के आधार पर अपना लोकतंत्र सुंदर रूप में गढ़ सकते हैं - डॉ. पारे

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की हिंदी अध्ययनशाला, प्रेमचंद सृजन पीठ तथा देवेन्द्र जोशी स्मृति साहित्य विमर्श परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में 31 जुलाई को वाग्देवी भवन में प्रेमचंद जयंती के अवसर पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। प्रेमचंद के कथा साहित्य और स्वाधीनता आंदोलन पर केंद्रित इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश आदिवासी बोली विकास अकादमी भोपाल के निदेशक धर्मेंद्र पारे रहे, जबकि अध्यक्षता कुलानुशासक शैलेंद्र कुमार शर्मा ने की।

अकादमी निदेशक धर्मेंद्र पारे ने मुंशी प्रेमचंद के साहित्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम उनके साहित्य के आधार पर अपना लोकतंत्र सुंदर रूप में गढ़ सकते हैं। प्रेमचंद के साहित्य में बुंदेलखंड के वीर हरदौल, महाराजा छत्रसाल और राजा चम्पतराय के योगदान का जीवन्त चित्रण है। कुलानुशासक शैलेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि प्रेमचंद के कथा साहित्य की चिंता स्वाधीनता, स्वराज्य से लेकर सुराज तक की है। उन्होंने अपनी कलम को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर ब्रिटिश सत्ता की नींव हिला दी थी और भारतीय जनमानस में देशभक्ति का नया ज्वार ला दिया था।

पूर्व महाप्रबंधक मुंबई शशांक दुबे ने प्रेमचंद के साहित्य पर बनी महत्वपूर्ण सामाजिक फिल्मों की विशेषताएं बताईं। ललित कला विभागाध्यक्ष जगदीश चंद्र शर्मा ने कहा कि प्रेमचंद ने कथा साहित्य में भारतीय समाज की विसंगतियों को चित्रित करते हुए समाधान भी प्रस्तुत किए हैं। संगोष्ठी में कवयित्री सीमा देवेंद्र जोशी ने प्रेमचंद के प्रति छन्दों की प्रस्तुति दी और साहित्यकार संतोष सुपेकर ने लघुकथा का पाठ किया।

शुरूआत में स्वागत भाषण प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी ने दिया। अतिथियों ने वाग्देवी व मुंशी प्रेमचंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में धर्मेंद्र पारे का शॉल, साहित्य और मौक्तिक माल भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार देवेंद्र जोशी की स्मृति में विश्वविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी हुआ।

---

10 हजार महिलाओं के साथ नानाखेड़ा से निकलेगी पालकी यात्रा, टावर चौक से रवाना होंगे श्रद्धालु

# सीएम डॉ. मोहन यादव और पं. प्रदीप मिश्रा 2 अगस्त को दिखाएंगे 84 महादेव दर्शन यात्रा को धर्म ध्वजा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

श्रावण मास के पवित्र अवसर पर चौथी निशुल्क 84 महादेव दर्शन यात्रा का शुभारंभ 2 अगस्त रविवार से होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले 10 हजार महिलाओं को भगवा धर्म ध्वजा दिखाकर इस यात्रा को रवाना करेंगे।

आयोजक ललित लुल्ला और शेशांत चंदेरिया ने बताया कि पंडित प्रदीप मिश्रा ने कथा और अनुष्ठान की व्यस्तताओं के बावजूद आयोजन समिति के विशेष आग्रह पर इस पुनीत कार्य के लिए स्वीकृति प्रदान की है। विगत तीन वर्षों की सफलता के बाद इस वर्ष भी श्रावण माह के प्रत्येक रविवार 2, 9, 16, 23 और 30 अगस्त को सुबह 8 बजे टावर चौक से निशुल्क दर्शन यात्रा प्रारंभ होगी। मंच कार्यक्रम के बाद सभी श्रद्धालु बसों द्वारा 84 महादेव दर्शन के लिए रवाना होंगे। विशेष रूप से दर्शनार्थियों को अभिमंत्रित रुद्राक्ष की माला का वितरण भी किया जाएगा।





नानाखेड़ा से शुरू होगी पालकी यात्रा

संस्था संरक्षक व वरिष्ठ समाजसेवी नारायण यादव, प्रेरणा स्त्रोत महेश परियानी और यात्रा संयोजक वैभव यादव के मार्गदर्शन में 2 अगस्त को नानाखेड़ा से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पंडित प्रदीप मिश्रा पालकी पूजन करेंगे। इसके बाद पालकी यात्रा सुभाष नगर, सांवेर रोड, सिंधी कॉलोनी तिराहा और तीन बत्ती चौराहा होते हुए टावर चौक पहुंचेगी। यात्रा के दौरान सुप्रसिद्ध भजन गायक मनीष तिवारी अपने भजनों की प्रस्तुति देंगे।

### इन संतों का मिलेगा पावन सानिध्य

कार्यक्रम में भर्तृहरी गुफा के गादीपति 1008 योगी पीर श्री रामनाथ जी महाराज, वाल्मीकि धाम के पीठाधीश्वर व राज्यसभा सांसद बाल योगी श्री उमेश नाथ जी महाराज, श्री पंचदशनाम अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी श्री शैलेशानंद गिरि जी महाराज और श्री कृष्ण मित्रवृंदा के संस्थापक श्री गिरीश गुरु जी बालक का सानिध्य प्राप्त होगा।

---

हूटर-फ्लैश लाइट, अवैध स्टीकर एवं नियम विरुद्ध नम्बर प्लेट पर होगी सख्त कार्रवाई

# यातायात पुलिस का आज से वाहनों की विशेष चेकिंग का अभियान

### उज्जैन की यातायात पुलिस को एक दिन पूर्व शाम तक इसकी कोई सूचना नहीं

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

वाहनों में अनाधिकृत रूप से उपयोग किए जा रहे हूटर,सायरन,फ्लैश लाईट (लाल, पीली एवं नीली बत्ती), वीआईपी एवं सरकारी स्टीकर, नियम विरुद्ध नम्बर प्लेट तथा अवैध ब्लैक फिल्म (टिटेड ग्लास) को लेकर पुलिस सख्त होने वाली है। इसे लेकर पुलिस मुख्यालय ने 10 दिवसीय अभियान के निर्देश दिए हैं। इधर 1 अगस्त से शुरू होने वाले अभियान की उज्जैन यातायात पुलिस को एक दिन पूर्व संध्या तक कोई जानकारी नहीं थी।

मध्यप्रदेश भोपाल के निदेर्शानुसार प्रदेशभर में निजी वाहनों में अनाधिकृत रूप से उपयोग किए जा रहे हूटर, सायरन, फ्लैश लाइट (लाल, पीली एवं नीली बत्ती), वीआईपी एवं सरकारी स्टीकर, नियम विरुद्ध नम्बर प्लेट तथा अवैध ब्लैक फिल्म





(टिटेड ग्लास) के विरुद्ध 01 अगस्त 2026 से 10 अगस्त 2026 तक विशेष प्रवर्तन अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में यातायात पुलिस एवं समस्त थाना पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से विशेष चेकिग अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान जिले के प्रमुख मार्गों, चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विशेष वाहन जांच की जाएगी तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत नियमानुसार चालानी एवं अन्य वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर शनिवार से शुरू होने वाली 10 दिवसीय अभियान की उज्जैन के यातायात पुलिस को कोई जानकारी एक दिन पूर्व संध्या तक नहीं थी। इसे लेकर यातायात डीएसपी डीएसपी दिलीपसिंह परिहार का कहना था कि उनकी जानकारी में ऐसे किसी अभियान को लेकर संदेश आया हो नहीं हैं। डीएसपी विक्रमसिंह कनपुरिया का कहना था कि ऐसा संदेश देखने में नहीं आया है अगर देर शाम को ई-मेल पर कोई संदेश मिला होगा तो देखा जाएगा। दोनों ही अधिकारियों ने कहा कि अभियान होगा तो कार्रवाई मुख्यालय निदेर्शानुसार संचालित की जाएगी।

वाहन स्वामी एवं वाहन चालक अपने वाहनों की जांच कर लें तथा यदि वाहन में किसी प्रकार का अनाधिकृत हूटर, सायरन, फ्लैश लाइट, सरकारी अथवा वीआईपी स्टीकर, नियम विरुद्ध नम्बर प्लेट या ब्लैक फिल्म लगी हो तो उसे तत्काल हटवा लें। वाहन चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट एवं अन्य यातायात नियमों का पालन करें। वाहन के आवश्यक दस्तावेज जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, पंजीयन प्रमाण-पत्र, बीमा एवं प्रदूषण प्रमाण-पत्र अद्यतन रखें।

निजी वाहनों में लगाए गए अनाधिकृत हूटर, सायरन, प्रेशर हॉर्न एवं लाल, पीली अथवा नीली फ्लैश लाइट (बत्ती)। निजी वाहनों पर लगाए गए वीआईपी, आन डयूटी, सरकार , प्रेस , पुलिस, एडव्होकेट , जज ,अथवा अन्य किसी प्रकार के अनाधिकृत स्टीकर, मोनोग्राम, प्रतीक चिन्ह एवं पदनाम। नियमों के विपरीत फैसी, परिवर्तित, अस्पष्ट, ढकी हुई अथवा मानक विनिदेर्शों के अनुरूप नहीं होने वाली नम्बर प्लेट। चार पहिया वाहनों के शीशो पर लगाई गई अवैध ब्लैक फिल्म (टिटेड ग्लास)। अन्य यातायात नियमों एवं मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन।

### सुंदरकांड पाठ के साथ दिया पर्यावरण संरक्षण और यातायात जागरूकता का संदेश

उज्जैन। भारतीय संस्कृति की गुरु-शिष्य परंपरा का निर्वहन करते हुए गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में संत नगर शिवाजी पार्क स्थित विचित्र वीर हनुमान मंदिर में भक्तिमय सुंदरकांड का आयोजन किया गया। स्पंदन सामाजिक पारमार्थिक शिक्षा उन्नयन समिति और संजय जैन गुरुजी शिष्य मंडल ने अपने मार्गदर्शक और प्रेरणास्त्रोत श्री संजय जैन गुरुजी के सम्मान में शाम 5 बजे यह आयोजन किया। आयोजन के दौरान गुरु दरबार की वर्ष भर चलने वाली सेवा गतिविधियों के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसके लिए लोगों को कपड़े की थैलियां और तुलसी सहित अन्य औषधीय पौधे वितरित किए गए। साथ ही यातायात जागरूकता के उद्देश्य से रेड ट्रैफिक स्टिकर भी बांटे गए। कार्यक्रम में गरीब व जरूरतमंदों और मंदिरों के लिए फल, फूल और मिठाई का वितरण भी किया गया। विश्वविख्यात आध्यात्मिक गुरु, ज्योतिषज्ञ, वास्तुविद, मोटिवेशनल स्पीकर और मंदिर जीर्णोद्धारक श्री संजय जैन गुरुजी के मार्गदर्शन में यह सभी कार्य संपन्न हुए। कार्यक्रम की सफलता पर स्पंदन समिति और शिष्य मंडल ने उपस्थित सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

दैनिक ब्रह्मास्त्र

नाश्चर्यमिदं विश्वं न किंचिदिति निश्चयी।
निर्वासनः स्फूर्तिमात्रो न किंचिदिव शाम्यति॥

**अर्थः** अनेक आश्चर्यों से युक्त यह विश्व अस्तित्वहीन है, ऐसा निश्चित रूप से जानने वाला, इच्छा रहित और शुद्ध अस्तित्व हो जाता है। वह अपार शांति को प्राप्त करता है।

# सिंहस्थ 2028: उज्जैन शहर बनेगा आस्था पर्यटन, व्यापार और निवेश की नई राजधानी

## छोटे व्यापारियों के लिए मौकेः पूजा सामग्री, दीये, अगरबत्ती, माला, रुद्राक्ष और तांबे-पीतल के बर्तनों की मांग तेजी से बढ़ेगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ संदीप मेहता.उज्जैन

उज्जैन में आयोजित होने वाला सिंहस्थ 2028 ना सिर्फ धार्मिक आस्था का महापर्व होगा, बल्कि छोटे व्यापारियों से लेकर बड़े निवेशकों तक के लिए आर्थिक गतिविधियों का केंद्र भी बनेगा।

**छोटे व्यापारियों के लिए मौकेः** पूजा सामग्री, दीये, अगरबत्ती, माला, रुद्राक्ष और तांबे-पीतल के बर्तनों की मांग तेजी से बढ़ेगी। स्थानीय स्तर पर फूड स्टॉल, मिनरल वाटर सप्लाई, क्लॉक रूम सेवाएं और ई-रिक्शा संचालन जैसे काम कम पूंजी में अच्छे लाभ दे सकते हैं। मध्यम स्तर के व्यवसायः टेंट सिटी ऑपरेशन, होम-स्टे मैनेजमेंट, टूर एंड ट्रैवल सर्विसेज, मल्टी-लेवल पार्किंग सुविधा, एम्बुलेंस सेवा और मेडिकल

**सिंहस्थ 2028: आस्था के महापर्व से खुलेगा हजारों करोड़ रुपए का कारोबार-** अगर अभी से तैयारी की गई, तो छोटे दुकानदारों से लेकर बड़े उद्योगपतियों तक सभी को फायदा होगा। छोटे व्यापारियों के लिए पूजा सामग्री, खाद्य स्टॉल, मिनरल वाटर, क्लॉक रूम और ई-रिक्शा जैसे विकल्प। मध्यम निवेश वालों के लिए टेंट हाउस, होम-स्टे, पार्किंग प्रबंधन, कैटरिंग सेवाएं, और मेडिकल सपोर्ट लाभदायक रहेंगे। बड़े निवेशकों के लिए प्रीमियम होटल, टेंट सिटी, मल्टीलेवल पार्किंग, इवेंट मैनेजमेंट, ब्रांड प्रमोशन और मीडिया पार्टनरशिप अच्छे मौके हैं। निर्माण क्षेत्र को भी लाभ मिलेगा क्योंकि सड़क, घाट, सीवरेज, और पेयजल प्रोजेक्ट पर काम होगा। मीडिया और प्रिंटिंग उद्योग के लिए स्पेशल सिंहस्थ अंक, गाइड बुक, पोस्टर, फ्लेक्स, और विज्ञापन से आय बढ़ेगी। वॉल पेंटिंग और कलात्मक डिजाइन भी बड़े पैमाने पर मांगे जाएंगे। डिजिटल स्टार्टअप्स के लिए होटल बुकिंग, भीड़ प्रबंधन, बहुभाषी गाइड ऐप्स, और डिजिटल पेमेंट सेवाओं की मांग बढ़ेगी। वहीं टैक्सी, कार रेंटल, और परिवहन सेवाओं को भी बड़ा कारोबार मिलेगा। अगर इन सभी क्षेत्रों में योजना, निवेश, प्रशिक्षण और सरकारी-निजी समन्वय साथ चले, तो सिंहस्थ 2028 मध्य प्रदेश के लिए दीर्घकालिक आर्थिक विकास का बड़ा इंजन बन सकता है।

**आस्था का महासंगम या हजारों करोड़ का कारोबार?** सिंहस्थ सिर्फ स्नान का पर्व नहीं, बल्कि एक विशाल आर्थिक चक्र बनने जा रहा है। करोड़ों श्रद्धालुओं की आमद से होटल, परिवहन, भोजन, निर्माण, धार्मिक सामग्री, मीडिया, सुरक्षा और डिजिटल सेवाओं में बड़े पैमाने पर मांग पैदा होगी। उज्जैन के छोटे दुकानदारों, कारीगरों, फूल विक्रेताओं, मिठाई व्यवसायियों, प्रिंटिंग प्रेस, टैक्सी ड्राइवरों और ई-रिक्शा संचालकों के लिए यह सुनहरा अवसर होगा, बशर्ते उन्हें समय रहते प्रशिक्षण और स्थान मिल जाए। युवाओं के लिए टूर गाइड, होटल स्टाफ, सुरक्षा कर्मी, डेटा एंट्री, इवेंट स्टाफ और स्वयंसेवक जैसे कामों में अस्थायी रोजगार मिल सकते हैं। निवेशकों के लिए होटल, लॉजिस्टिक्स, फूड प्रोसेसिंग, टेंट सिटी, डिजिटल सेवाओं और परिवहन में लंबे समय का लाभ संभव है। इन तैयारियों के साथ सिंहस्थ 2028 उज्जैन को धार्मिक-आर्थिक दृष्टि से एक नई ऊंचाई पर ले जाने वाला अवसर बन सकता है।




### मेडिकल उपकरणों की मांग बढ़ेगी

सिंहस्थ 2028 से स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास, सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और हरित विकास की योजनाबद्ध तैयारी हो तो सेवा क्षेत्र मजबूत होगा और स्थायी लाभ छोड़ जाएगा। करोड़ों श्रद्धालुओं की आमद से अस्थायी अस्पताल, एम्बुलेंस सेवाएँ, दवा वितरण और मेडिकल उपकरणों की मांग कई गुना बढ़ेगी। युवाओं के लिए होटल हॉस्पिटैलिटी, विदेशी भाषाओं का परिचय, डिजिटल भुगतान, ग्राहक सेवा और भीड़ प्रबंधन जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम रोजगार के अवसर बढ़ाएँगे। शिक्षा संस्थान स्वयंसेवक प्रशिक्षण, शोध परियोजनाएं और पर्यटन अध्ययन से योगदान दे सकते हैं। सुरक्षा व्यवस्था में सीसीटीवी, एकीकृत कंट्रोल रूम, ड्रोन निगरानी, महिला सुरक्षा डेस्क और आपातकालीन प्रतिक्रिया दल शामिल होंगे। हरित सिंहस्थ की दिशा में प्लास्टिक में कमी, कचरा पृथक्करण, बायो-टॉयलेट, सौर ऊर्जा प्रकाश और नदी संरक्षण अभियानों को शामिल किया जा सकता है। सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवी संस्थाओं की भागीदारी स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान कैंप, स्वच्छता अभियान और महिला सहायता केंद्रों में उपयोगी रहेगी। कुल मिलाकर, सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि स्वास्थ्य, सुरक्षा, कौशल विकास और पर्यावरण के बीच संतुलित समन्वय बना रहे।

### सिंहस्थ 2028 का आर्थिक रोडमैप

निवेश, सरकारी नीतियाँ और उज्जैन के भविष्य की दिशा। सरकार की भूमिका सबसे अहम होगी—स्थायी सड़कों, फ्लाईओवर, पेयजल, सीवरेज, स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण पर फोकस। निजी क्षेत्र होटलों, टेंट सिटी, पार्किंग कॉम्प्लेक्स, फूड कोर्ट, लॉजिस्टिक्स और आईटी समाधान में निवेश कर सकते हैं। निवेश आकर्षित करने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम, पारदर्शी अनुमतियां और टरटए सहायता केंद्र फायदेमंद रहेंगे। चुनौतियाँ भी रहेंगी, जैसे ट्रैफिक प्रबंधन, भीड़, स्वच्छता, बिजली की मांग और पर्यावरण संतुलन। लेकिन दूरदृष्टि से बनाई गई योजना उज्जैन को दीर्घकालिक लाभ दे सकती है। सफलता का असली पैमाना श्रद्धालुओं की संख्या नहीं, बल्कि आयोजन के बाद स्थायी रोजगार, नए उद्योग, स्थानीय व्यापार की वृद्धि और शहर की मजबूत आधारभूत संरचना से तय होगी। सिंहस्थ 2028 अगर सही दिशा में चला, तो यह धार्मिक महापर्व के साथ-साथ उज्जैन के आर्थिक पुनर्जागरण की नींव भी बन सकता है।

**सिंहस्थ 2028ः** कृषि, डेयरी, खाद्य प्रसंस्करण, महिला स्व-सहायता समूह और ग्रामीण अर्थव्यवस्था तक विकास का लाभ पहुँचेगा। कृषि क्षेत्र को गेहूं, सब्जियों, मसालों की बढ़ती मांग मिलेगी। डेयरी उद्योग को दूध, दही, पनीर, घी की बेहतर बाजार संभावनाएँ मिलेंगी। खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को नमकीन, अचार, मुरब्बा, रेडी-टू-कुक प्रोडक्ट्स के नए बाजार मिल सकते हैं। महिला स्व-सहायता समूह पूजा सामग्री पैकिंग, प्रसाद पैकेट, कपड़े के थैले, हस्तनिर्मित सजावटी उत्पाद बनाकर आय बढ़ा सकते हैं। स्ट्रीट वेंडर्स को चाय, नाश्ता, फल, नारियल पानी और धार्मिक स्मृति-चिह्न बेचने का अवसर मिलेगा। ग्रामीण पर्यटन और सांस्कृतिक मेले भी जोड़े जाएँ, तो गाँवों की पहचान और आय दोनों बढ़ सकती हैं। कोल्ड चेन, स्टोरेज, सप्लाई नेटवर्क और रोजगार सेवाओं की जरूरत भी बढ़ेगी। अगर गांवों, किसानों, महिला समूहों और स्थानीय उद्यमियों को जोड़ा जाए, तो सिंहस्थ पूरे मालवा क्षेत्र की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई गति दे सकता है।

- **100 से अधिक लघु व्यवसायों के लिए अवसर-** सिंहस्थ 2028ः 100 से अधिक लघु व्यवसायों के लिए अवसर। छोटे व्यापारी पूजा सामग्री, रुद्राक्ष माला, कपूर-चंदन, तांबे-पीतल के बर्तनों से लेकर खाद्य स्टॉल, चाय-कॉफी, फल और पैकेज्ड पेयजल तक सबमें मांग बढ़ेगी। युवाओं के लिए क्लॉक रूम सेवाएं, मोबाइल चार्जिंग स्टेशन, ई-रिक्शा, डिजिटल पेमेंट सहायता और फोटोग्राफी सेवाएं जैसे कामों में स्वरोजगार के मौके मिलेंगे। महिलाएं घरेलू उत्पाद, जैसे अचार, पापड़, मसाले, सिलाई-कढ़ाई, पूजा थालियाँ बनाकर बेच सकती हैं। सेवा क्षेत्र में हाउसकीपिंग, सफाई, पेयजल वितरण, और वॉल पेंटिंग आर्टवर्क में भी काम बढ़ेगा। मीडिया और प्रिंटिंग उद्योग स्पेशल सिंहस्थ अंकों, विज्ञापन, पोस्टर, फ्लेक्स, गाइड और मेप छपाई से लाभ कमाएँगे। समय पर प्रशिक्षण, गुणवत्ता और उचित मूल्य अपनाने वाले उद्यमियों के लिए यह सिर्फ कुछ दिनों का कारोबार नहीं, बल्कि लम्बे समय तक चलने वाले नए ग्राहक, नए कॉन्टैक्ट्स और नई व्यावसायिक नींव रखने का अवसर हो सकता है।
- **मध्यम और बड़े निवेशकों के लिए निवेश का मंच-** मध्यम और बड़े निवेशकों के लिए सिंहस्थ सिर्फ.अवसर नहीं, बल्कि दीर्घकालिक निवेश का एक मंच है। होटल और आतिथ्य उद्योग सबसे अधिक लाभ उठा सकते हैं—नए होटल, टेंट सिटी, वातानुकूलित डॉर्मिटरी, और ऑनलाइन बुकिंग प्लेटफॉर्म जैसे विकल्प उभरेंगे। परिवहन और लॉजिस्टिक्स में इलेक्ट्रिक बसें, टैक्सी नेटवर्क, ई-रिक्शा फ्लीट, कार्गो और बैगेज ट्रांसपोर्ट सेवाओं की मांग बढ़ सकती है। फूड कोर्ट और कैटरिंग कंपनियां विशाल स्तर पर भोजन उपलब्ध कराने के मौके पाएँगी, जबकि मीडिया, विज्ञापन एजेंसियाँ और आईटी सेक्टर डिजिटल सेवाओं, ऐप्स, भीड़ प्रबंधन और ब्रांडिंग प्रोजेक्ट से कमाई बढ़ा सकते हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में अस्थायी अस्पताल, एम्बुलेंस नेटवर्क और दवा वितरण सेवाएं बढ़ेंगी। सुरक्षा के लिए उउळश नेटवर्क, ड्रोन निगरानी, एक्सेस कंट्रोल सिस्टम और निजी सुरक्षा एजेंसियों की भूमिका अहम होगी। पर्यावरण और स्वच्छता सेवाओं में कचरा पृथक्करण, रीसाइक्लिंग, सीवेज ट्रीटमेंट और बायो-टॉयलेट जैसे प्रोजेक्ट भी शामिल रहेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि निवेश केवल आयोजन तक सीमित न रहकर उसके बाद भी उपयोगी रहने वाली परियोजनाओं पर होना चाहिए। इससे उज्जैन दीर्घकालिक पर्यटन और रोजगार केंद्र के रूप में और मजबूत बन सकता है।
- **निर्माण, रियल एस्टेट, टरटए, वॉल पेंटिंग और स्थानीय उद्योगों के लिए अवसर-** उज्जैन में सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के साथ निर्माण गतिविधियों में तेजी, नई सड़कें, घाट विकास, सीवरेज नेटवर्क, स्ट्रीट लाइट और पार्किंग परिसर बन सकते हैं। इससे इंजीनियरों, ठेकेदारों और श्रमिकों को रोजगार मिलेगा। रियल एस्टेट में होटल, गेस्ट हाउस, धर्मशाला विकास, होम-स्टे परियोजनाओं और कमर्शियल कॉम्प्लेक्स से निवेश के नए मौके बन सकते हैं, हालांकि भूमि और नियमों का मूल्यांकन जरूरी रहेगा। पेंट और वॉल पेंटिंग उद्योग को शहर सौंदर्यीकरण में अच्छे काम मिल सकते हैं, जबकि प्रिंटिंग प्रेस को पोस्टर, फ्लेक्स, ब्रोशर, गाइड बुक और धार्मिक प्रकाशनों की मांग मिलेगी। स्थानीय उद्योगों—डेयरी, नमकीन, मसाले, हस्तशिल्प, पीतल-तांबे उत्पाद—को नया बाजार मिलेगा। यदि स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया, तो बाहरी कंपनियों पर निर्भरता कम होगी और मुनाफा स्थानीय स्तर पर ही रहेगा। कुल मिलाकर, सिंहस्थ 2028 निर्माण से लेकर प्रिंटिंग, रियल एस्टेट, वॉल पेंटिंग, टरटए, स्टार्टअप्स और स्थानीय उद्योगों के लिए व्यापक विकास का आधार बन सकता है।
- **निर्माण, रियल एस्टेट, टरटए, वॉल पेंटिंग और स्थानीय उद्योगों के लिए अवसर-** उज्जैन में सिंहस्थ2028 की तैयारियों के साथ निर्माण गतिविधियों में तेजी, नई सड़कें, घाट विकास, सीवरेज नेटवर्क, स्ट्रीट लाइट और पार्किंग परिसर बन सकते हैं। इससे इंजीनियरों, ठेकेदारों और श्रमिकों को रोजगार मिलेगा। रियल एस्टेट में होटल, गेस्ट हाउस, धर्मशाला विकास, होम-स्टे परियोजनाओं और कमर्शियल कॉम्प्लेक्स से निवेश के नए मौके बन सकते हैं, हालांकि भूमि और नियमों का मूल्यांकन जरूरी रहेगा। पेंट और वॉल पेंटिंग उद्योग को शहर सौंदर्यीकरण में अच्छे काम मिल सकते हैं, जबकि प्रिंटिंग प्रेस को पोस्टर, फ्लेक्स, ब्रोशर, गाइड बुक और धार्मिक प्रकाशनों की मांग मिलेगी। स्थानीय उद्योगों—डेयरी, नमकीन, मसाले, हस्तशिल्प, पीतल-तांबे उत्पाद—को नया बाजार मिलेगा। यदि स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया, तो बाहरी कंपनियों पर निर्भरता कम होगी और मुनाफा स्थानीय स्तर पर ही रहेगा। कुल मिलाकर, सिंहस्थ 2028 निर्माण से लेकर प्रिंटिंग, रियल एस्टेट, वॉल पेंटिंग, टरटए, स्टार्टअप्स और स्थानीय उद्योगों के लिए व्यापक विकास का आधार बन सकता है।
- सिंहस्थ 2028ः मीडिया, विज्ञापन, डिजिटल स्टार्टअप और पर्यटन के लिए जबरदस्त मौके। करोड़ों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में मीडिया हाउस सिंहस्थ विशेषांक, फोटो-फीचर, पॉडकास्ट और मल्टीभाषी न्यूज कंटेंट तैयार कर सकते हैं। विज्ञापन उद्योग में ब्रांडिंग, होर्डिंग, यूनिपोल, डिजिटल स्क्रीन, बस शेल्टर विज्ञापन और घाटों पर इन्फो बोर्ड लगाने के अवसर हैं। प्रिंटिंग प्रेसों को पोस्टर, फ्लेक्स, ब्रोशर, गाइड बुक और एंट्री पास जैसे कामों का बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। डिजिटल स्टार्टअप्स—जैसे होटल बुकिंग प्लेटफॉर्म, भीड़ प्रबंधन ऐप, बहुभाषी गाइड ऐप, डिजिटल पेमेंट सॉल्यूशंस—नए ऑडियन्स खींच सकते हैं। पर्यटन उद्योग के दायरे में अगर श्रद्धालु अन्य स्थलों तक भी जाएँ, तो श्री महाकाल मंदिर, काल भैरव, हरसिद्धि, मंगलनाथ, चिंतामन गणेश, वेधशाला और आसपास के सांस्कृतिक केंद्रों में भी पर्यटन सर्किट विकसित हो सकता है। इससे सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था को नया आयाम मिलेगा। सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स भी यात्रा ब्लॉग्स, डॉक्यूमेंट्री, लाइव स्ट्रीम के जरिए धार्मिक पर्यटन को नई पहचान दे सकते हैं। सावधानीपूर्वक योजना और स्थानीय प्रतिभा को मंच देने से सिंहस्थ 2028 उज्जैन को राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नई ऊँचाई दे सकता है।

## खबर एक नजर...

### इंदौर हाईकोर्ट ने प्रेमाश्रय वृद्धाश्रम पर लिया संज्ञान

**इंदौर।** बाणगंगा स्थित प्रेमाश्रय वृद्धाश्रम में पिटाई का वीडियो सामने आने के बाद मामले में हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया। पानी की टंकी परिसर में संचालित अवैध वृद्धाश्रम में बुजुर्गों की दुर्दशा, लापरवाही और एक बुजुर्ग महिला की पिटाई के मामले में शुक्रवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने प्रशासन, पुलिस और नगर निगम से पूछा कि मामले में अब तक क्या कार्रवाई की गई है। सभी संबंधित विभागों को कार्रवाई की रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने के निर्देश दिए गए। बुजुर्ग की पिटाई का वीडियो सामने आने के बाद प्रशासन और नगर निगम ने वृद्धाश्रम को सील कर दिया और बुजुर्गों को अन्य आश्रमों में शिफ्ट कर दिया। प्रेमाश्रय वृद्धाश्रम सुलभ कॉम्प्लेक्स तोड़कर बनाया गया था। इसके अलावा पास के सरकारी स्कूल परिसर में भी अवैध रूप से गोशाला संचालित किए जाने की बात सामने आई है। अवैध संचालन और आश्रम में मिली अनियमितताओं के आधार पर संचालिका नीलम दुबे के खिलाफ एफआईआर की कार्रवाई भी की जा रही है।

### इंदौर में सड़क हादसा, 4 साल के मासूम की मौत

**इंदौर।** गांधी नगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को 4 साल का मासूम की मौत हो गई। वह मां के साथ कार में आगे की सीट पर बैठा था। तभी अचानक उस कार की टक्कर आगे चल रही कार से हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एयरबैग खुल गए। बावजूद इसके बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पहले प्राइवेट अस्पताल ले गए, जहां से उसे एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया। जहां डॉक्टरों ने उसकी मौत की पुष्टि कर दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और एमवाय अस्पताल में उसका पीएम करवाया गया। गांधी नगर पुलिस के मुताबिक मृतक 4 साल का शिवांश पिता सतीश राठौर निवासी ग्राम बिंजाना थाना देवास का रहने वाला था। शिवांश के परिजन सज्जन सिंह ने बताया कि वह अपनी नानी के यहां मुरादपुरा आया था। शुक्रवार को वे कार से मानपुर के समीप एक 13वीं के कार्यक्रम में जाने के लिए निकले थे। गांधी नगर थाना क्षेत्र के दिलीप नगर में अचानक कार आगे चल रही कार से टकरा गई। जिस वजह से ये हादसा हुआ। सज्जन सिंह ने बताया कि शिवांश मां मोना के साथ आगे की सीट पर बैठा था। पिता के साढ़ू कार चला रहे थे और परिवार के अन्य लोग कार में बैठे थे। अचानक इनकी कार आगे चल रही कार से टकरा गई और कार के एयरबैग खुल गए। परिजन का कहना है कि एयरबेग खुलने से पट्टी शिवांश के गले में लगी। जिसके बाद उसे प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां से उसे एमवाय भेज दिया था। जहां डॉक्टरों ने उसकी मौत की पुष्टि कर दी।

### इंदौर में कार की टक्कर से छात्र की मौत

**इंदौर।** इंदौर में भाई को कोचिंग के लिए छोड़कर लौट रहे बाइक सवार छात्र को गोम्मटगिरी के पास कार ने टक्कर मार दी। हादसे में छात्र की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा, जहां उसका पोस्टमॉर्टम कराया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। गांधीनगर एसीपी निधि सक्सेना ने बताया कि हादसे में अंकुश रजक, निवासी समर्थ प्रीमियम पार्क, नैनोद की मौत हो गई। मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। इधर, कांताप्रसाद रजक ने बताया कि मृतक उनका बड़ा भतीजा था। शुक्रवार को वह अपने छोटे भाई को कोचिंग के लिए गांधीनगर छोड़ने जा रहा था। कभी-कभी गोम्मटगिरी से साधन नहीं मिलने पर वह बाइक से उसे गांधीनगर तक छोड़ने जाता था। शुक्रवार को भी रास्ते में उसे एक ऑटो दिखा, तो उसने छोटे भाई को उसमें बैठा दिया। इसके बाद वह वापस लौटने लगा, तभी एक कार ने उसे टक्कर मार दी। अंकुश ने फर्स्ट ईयर में एडमिशन के लिए आवेदन किया था। उसके पिता सिलाई का काम करते हैं। उसका छोटा भाई बड़ा गणपति स्थित सुभाष स्कूल में 11वीं कक्षा में पढ़ता है, जिसे वह छोड़ने जा रहा था।

### 313 मार्कशीट लौटाने के लिए पुलिस ने बनाया व्हाट्सऐप ग्रुप

**इंदौर।** विजय नगर थाना पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी के मामले में जब्त की गई छात्रों की ओरिजनल मार्कशीट लौटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस ने इसके लिए एक व्हाट्सऐप ग्रुप बनाया है, जिसमें उन छात्रों को जोड़ा जा रहा है जिनकी मार्कशीट आरोपी के पास से बरामद हुई थी। सभी दस्तावेज कोर्ट की अनुमति के बाद संबंधित छात्रों को सुपुर्द किए जाएंगे। कुछ दिन पहले विजय नगर पुलिस ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर छात्रों की ओरिजनल मार्कशीट रखकर ठगी करने वाले आरोपी मयंक सर्राफ को गिरफ्तार किया था। उसके पास से 313 ओरिजनल मार्कशीट बरामद हुई थीं। आरोपी ने विजय नगर स्थित एक मॉल में अेक्ष्श इंटरप्राइजेज के नाम से कंसल्टेंसी ऑफिस खोल रखा था। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी शहर में पढ़ाई करने आए छात्रों को पार्ट-टाइम और फुल-टाइम नौकरी दिलाने का लालच देता था। नौकरी के लिए आवेदन के दौरान वह छात्रों की ओरिजनल मार्कशीट अपने पास रख लेता और प्रति छात्र 5 हजार रुपए की मांग करता था। पैसे नहीं मिलने पर वह मार्कशीट वापस नहीं करता था। एसीपी पराग सैनी ने बताया कि जब्त की गई करीब 300 मार्कशीट फिलहाल न्यायालय के अधीन हैं। छात्रों को परेशानी से बचाने के लिए पुलिस ने व्हाट्सऐप ग्रुप बनाया है। शिकायतकर्ता और अन्य प्रभावित छात्रों को इसमें जोड़ा जा रहा है।

# ऊंट से टकराकर पलटी सेना की एसयूवी, मेजर की मौत

## इंदौर लाया जा रहा पार्थिव शरीर, कल अंतिम संस्कार, एक महीने पहले हुई शादी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के मेजर हमजा आरिफ की राजस्थान के जैसलमेर में सड़क हादसे में मौत हो गई। गुरुवार देर रात ड्यूटी पूरी कर लौटते समय उनकी सेना की टाटा सफारी अचानक सड़क पर आए ऊंट से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि रवश चार-पांच बार पलटते हुए करीब 100 मीटर तक घिसट गई।

हादसे में मेजर हमजा की मौत हो गई, जबकि दो लेफ्टिनेंट गंभीर रूप से घायल हैं। उनकी शादी को अभी महज एक महीना हुआ था। शुक्रवार को सेना ने परिवार को हादसे की सूचना दी। शुक्रवार को परिजन पार्थिव शरीर लेकर जैसलमेर से इंदौर के लिए रवाना हो गए हैं। शनिवार शाम तक पार्थिव शरीर महू लाया जाएगा। देर रात इंदौर पहुंचेगा। रविवार को पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

हादसा गुरुवार रात करीब 12.30 बजे जैसलमेर शहर से करीब 18 किलोमीटर दूर थईयात आर्मी एरिया में हुआ। मेजर हमजा अपने साथियों के साथ ड्यूटी पूरी कर आर्मी स्टेशन लौट रहे थे। तभी अचानक सामने आए ऊंट से सेना की टाटा सफारी टकरा गई। टक्कर के बाद वाहन चार-पांच बार पलटा और करीब 100 मीटर तक घिसटता चला गया। हादसे में ऊंट की भी मौत हो गई।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। तीनों अधिकारियों को तत्काल थईयात आर्मी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मेजर हमजा को मृत घोषित कर दिया। हादसे में घायल लेफ्टिनेंट आयुष्मान और लेफ्टिनेंट अभिनव राठौड़ का इलाज चल रहा है। मेजर हमजा के पार्थिव शरीर का पोस्टमॉर्टम राजकीय जवाहिर अस्पताल में कराया गया। हादसे की जांच पुलिस और मिलिट्री पुलिस संयुक्त रूप से कर रही हैं। शुक्रवार सुबह सेना के अधिकारियों ने इंदौर के राजेंद्र नगर स्थित घर पहुंचकर परिजनों को हादसे की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। रिश्तेदार, परिचित और आसपास के लोग घर पहुंचने लगे। क्षेत्र में भी शोक की लहर फैल गई।

### पहले महू सैन्य छावनी में दी जाएगी श्रद्धांजलि

पार्षद प्रशांत बड़वे ने बताया कि मेजर हमजा के परिजन शुक्रवार को पार्थिव शरीर लेकर सड़क मार्ग से जैसलमेर से इंदौर के लिए रवाना हो गए हैं। शनिवार देर शाम पार्थिव शरीर सबसे पहले महू सैन्य छावनी ले जाया जाएगा। वहां सेना की ओर से पूरे सैन्य सम्मान के साथ श्रद्धांजलि दी जाएगी।

### नगर निगम में वेतन घोटाला

# दो कर्मचारियों पर केस

## पांच कर्मचारियों की सैलरी दूसरे खातों में भेजी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर नगर निगम के दो अस्थायी कर्मचारियों पर वेतन भुगतान प्रणाली में हेराफेरी कर करीब 2.94 लाख रुपए का गबन करने का आरोप लगा है। दोनों ने कथित तौर पर पांच मस्टर कर्मचारियों की सैलरी दूसरे बैंक खातों में ट्रांसफर कराई और बाद में वह रकम अपने खातों में मंगवा ली। मामला सामने आने के बाद नगर निगम ने दोनों की सेवाएं समाप्त कर एमजी रोड थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

एमजी रोड थाना प्रभारी विजय सिंह सिसौदिया ने बताया कि नगर निगम स्थापना शाखा के उपायुक्त डॉ. केशव सिंह सगर की शिकायत पर अमन सालवी निवासी राजनगर और अनुज पंवार निवासी पाटनीपुरा के खिलाफ धोखाधड़ी और गबन का मामला दर्ज किया गया है।

**खाता बदलकर ट्रांसफर की सैलरी-** शिकायत के अनुसार, दोनों कर्मचारियों ने मस्टर कर्मचारियों के वेतन के लिए बैंक खाता बदलने की सुविधा का गलत इस्तेमाल किया। उन्होंने पांच कर्मचारियों के वेतन की कुल 2 लाख 94 हजार 193 रुपए की राशि दूसरे बैंक खातों में ट्रांसफर कर दी। बाद में यह रकम उन खातों से अपने खातों में मंगवा ली।

# इंदौर में 58.48 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ दो गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर क्राइम ब्रांच ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 58.48 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त ड्रग्स की कीमत करीब 5 लाख 80 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस अब दोनों आरोपियों से ड्रग्स के सप्लायर और पूरे नेटवर्क के बारे में पूछताछ कर रही है।

डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गुरुवार को गश्त के दौरान एमआर-4 रोड स्थित बीआरटीएस बस स्टैंड, सुखलिया के पास एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। पुलिस टीम को देखकर वह भागने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम शाहिल पिता अय्यूब शाह, निवासी अंबेडकर नगर, थाना कैंट, नीमच बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 58.48 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई। शाहिल से पूछताछ के दौरान उसके साथी अल्केफ पिता शहजाद रिजवी, निवासी दावतखेड़ी, जिला मंदसौर का नाम सामने आया। इसके बाद क्राइम ब्रांच ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक शाहिल ठेले पर फल बेचता है, जबकि अल्केफ हम्माली का काम करता है। दोनों से पूछताछ कर ड्रग्स के स्रोत और अन्य आरोपियों की जानकारी जुटाई जा रही है। क्राइम ब्रांच ने 1 जनवरी से अब तक एनडीपीएस एक्ट के 53 मामलों में 113 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# इंदौर में 130 डिग्री टेढ़ी रीढ़ का सफल ऑपरेशन

## लकवे से जूझ रहा किशोर फिर चलने लगा, जटिल स्पाइन सर्जरी से मिला नया जीवन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

रीढ़ की हड्डी का टेढ़ापन (स्कोलियोसिस) यदि समय पर पहचान में न आए तो यह जानलेवा जटिलताओं का कारण बन सकता है। ऐसा ही एक दुर्लभ मामला इंदौर में सामने आया, जहां 130 डिग्री तक टेढ़ी हो चुकी रीढ़ और पैरों में लकवे के लक्षणों से जूझ रहे 15 वर्षीय लड़के की करीब 13 घंटे चली जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। ऑपरेशन के एक माह बाद बच्चे के पैरों में फिर से हरकत लौट आई और वह धीरे-धीरे चलने भी लगा है।

बड़वानी निवासी प्रदीप इडियोपैथिक स्कोलियोसिस से पीड़ित था। सामान्य तौर पर 50 डिग्री से अधिक रीढ़ का झुकाव




गंभीर माना जाता है, जबकि इस बच्चे की रीढ़ लगभग 130 डिग्री तक टेढ़ी हो चुकी थी। एक्स-रे और सीटी स्कैन में स्थिति बेहद गंभीर सामने आई।

शुरूआत में सर्जरी का जोखिम बहुत अधिक होने के कारण डॉक्टरों ने पूरी योजना और सावधानी के साथ इलाज शुरू किया। इसी दौरान बच्चे के पैरों में लकवे के लक्षण दिखाई देने लगे और उसे यूरिन करने में भी परेशानी होने लगी। हालत बिगड़ने पर एक्सपर्ट्स की टीम ने 22 जून को तुरंत ऑपरेशन करने का निर्णय लिया।

### 13 घंटे तक चला ऑपरेशन

सर्जरी सुबह करीब 10 बजे शुरू हुई और रात करीब 11 बजे तक चली। पहले पेस में रीढ़ की हड्डी को शरीर के अगले हिस्से से, हार्ट के नीचे के हिस्से तक पहुंचकर मुक्त किया गया। इसके बाद पीछे की ओर से स्क्रू लगाकर रीढ़ को सीधा करने का प्रयास किया गया। जब इससे अपेक्षित सुधार नहीं मिला तो डॉक्टरों ने नियंत्रित तरीके से रीढ़ की कुछ हड्डियों को काटकर उनका दोबारा संतुलन बनाया। कई फेस में चली इस जटिल प्रक्रिया के बाद रीढ़ को संतुलित स्थिति में लाने में सफलता मिली।

### चार दिन बाद लौट आई पैरों की हरकत

डॉ. प्रणव कुमार (शैल्बी हॉस्पिटल) ने बताया कि सर्जरी के बाद बच्चे की स्थिति लगातार बेहतर हो रही है। ऑपरेशन के महज चार दिन बाद उसके पैरों में संवेदनाएं लौट आईं और वह पैरों को हिलाने-चलाने लगा। यह दुर्लभ और जटिल सर्जरी बहुत कम होती है।

### बच्चों में रीढ़ का टेढ़ापन दिखे तो तुरंत जांच जरूरी

डॉ. कुमार ने कहा कि बच्चों की रीढ़ में किसी भी प्रकार का टेढ़ापन सामान्य मानकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। शुरूआती अवस्था में बीमारी की पहचान हो जाए तो कई मामलों में व्यायाम और नियमित उपचार से इसे बढ़ने से रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि 5 से 7 वर्ष और 12 से 15 वर्ष की उम्र में बच्चों की हड्डियों का विकास तेजी से होता है।

## बुरहानपुर में भारी बारिश का असर:लगातार दूसरे दिन स्कूल-आंगनवाड़ी बंद

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर जिले में लगातार हो रही बारिश और बाढ़ जैसे हालात को देखते हुए जिला प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाते हुए शनिवार, 1 अगस्त को जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों तथा आंगनवाड़ी केंद्रों में विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित कर दिया है। यह लगातार दूसरा दिन है, जब भारी बारिश के चलते बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शैक्षणिक गतिविधियां स्थगित की गई हैं। कलेक्टर हर्ष सिंह ने शुक्रवार रात करीब 10:30 बजे आदेश जारी करते हुए कहा कि जिले में लगातार हो रही बारिश और बिगड़ते मौसम को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। आदेश के अनुसार, स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्रों में विद्यार्थियों की छुट्टी रहेगी, लेकिन सभी शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और शाला स्टाफ को निर्धारित समय पर उपस्थित होकर आवश्यक शासकीय कार्यों का निष्पादन करना होगा। प्रशासन का कहना है कि लगातार बारिश के कारण कई ग्रामीण क्षेत्रों में नदी-नाले उफान पर हैं और कई मार्गों पर जलभराव की स्थिति बनी हुई है। ऐसे हालात में विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अवकाश घोषित किया गया है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

## शराब कारोबारी के मुनीम को गोली मारने वाले गिरफ्तार

गुना में शराब कारोबारी के मुनीम पर फायरिंग करने के मामले में कैंट थाना पुलिस ने दो और फरार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। 4 जून 2025 को सात-आठ बदमाशों ने मुनीम कमलेश शिवहरे पर हमला कर उनकी जांघ में गोली मार दी थी। इस मामले में पहले ही पांच आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके थे। अब गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों से पूछताछ में शहर की लूट और चोरी की दो अन्य वारदातों का भी खुलासा हुआ है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी के सोने-चांदी के आभूषण भी बरामद किए हैं। मामला 4 जून 2025 का है। फुलवारी कॉलोनी निवासी कमलेश शिवहरे प्रेम नगर ग्रुप कंपनी में मुनीम हैं। वह हिलगना स्थित वाइन शॉप सहित अन्य दुकानों का कलेक्शन और व्यवस्थाएं देखते हैं। कमलेश ने पुलिस को बताया था कि 4 जून की सुबह करीब 11:30 बजे वह अपने साथी हरदीप सरदार के साथ बाइक से हिलगना से शहर की ओर लौट रहे थे। साईं मंदिर के सामने तीन-चार बाइकों पर सवार सात-आठ बदमाशों ने उनकी बाइक को घेर लिया।

## वृंदावन से मिली नाबालिग, पुलिस ने आरोपी को दबोचा

**सागर।** सागर के नरयावली थाना पुलिस ने नाबालिग के अपहरण के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नाबालिग को सुरक्षित दस्तयाब किया है। पुलिस ने किशोरी को सागर लाकर उसके बयान दर्ज किए। बयानों के आधार पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराएं बढ़ाई गईं। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, 4 जून को फरियादी ने नरयावली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि उनकी नाबालिग बेटी को एक अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। शिकायत मिलते ही पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की और नाबालिग के दोस्तों व परिचितों की जानकारी जुटाई। साथ ही मोबाइल की लोकेशन ट्रेस कर संभावित ठिकानों की तलाश शुरू की गई। छानबीन के दौरान पुलिस को नाबालिग की लोकेशन उत्तरप्रदेश के वृंदावन में मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल वृंदावन पहुंची और लोकेशन के आधार पर दबिश देकर नाबालिग को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया। इसके बाद उसे सागर लाया गया।

## भिंड में 2.73 लाख का 390 किलो घी जब्त

**भिंड।** भिंड में दूध एवं दुग्ध उत्पादों में मिलावट रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने विशेष अभियान तेज कर दिया है। कलेक्टर के निर्देश पर भिंड और मेहगांव क्षेत्र में की गई कार्रवाई के दौरान एक डेयरी से करीब 390 किलोग्राम संदिग्ध घी जब्त किया गया। घी, दूध और चना दाल सहित कई खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद संबंधित कारोबारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिले में दूध एवं दुग्ध उत्पादों में मिलावट की रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन विशेष अभियान चला रहा है। अभियान के तहत लगातार डेयरियों, दुकानों और दुग्ध विक्रेताओं का निरीक्षण किया जा रहा है तथा खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर उनकी जांच कराई जा रही है।

## घर पर खेल रही मासूम का शव तालाब में मिला

**दमोह।** दमोह जिले के हटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भटिया गांव में शुक्रवार सुबह घर के बाहर खेलते-खेलते अचानक गायब हुई चार साल की मासूम वैष्णवी का शव देर रात घर के पास की एक तलैया में मिला। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में शोक का माहौल है। मृतका की पहचान शिवम अहिरवार की चार वर्षीय बेटी वैष्णवी के रूप में हुई है। बच्ची शुक्रवार को अपने घर के पास खेल रही थी और अचानक लापता हो गई।

### 'तुम्हारे प्रेम में ब्रह्मचर्य तोड़ा, बताओ फायदा किसका'

# सीधी के कथावाचक पर दुष्कर्म का आरोप, बिहार में केस दर्ज

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ सीधी**



सीधी जिले के कथावाचक शिव मूरत उपाध्याय उर्फ सुदामा पर पटना (बिहार) की एक युवती ने नशीली दवा खिलाकर दुष्कर्म, धोखाधड़ी और धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पटना के गर्दनीबाग थाने में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (इठरर) की धारा 173 के तहत केस दर्ज किया गया है।

युवती का आरोप है कि आरोपी ने पहले इ.एफ. में एडमिशन दिलाने का झांसा देकर भरोसा जीता, फिर शादी का वादा कर लंबे समय तक उसका शारीरिक शोषण किया। पड़ताल में शिकायत और एफआईआर के आधार पर पूरे घटनाक्रम की कई अहम बातें सामने आईं। पीड़िता के अनुसार, साल 2012-13 में मामा के यहां हुए शतचंडी यज्ञ में उसकी मुलाकात सीधी के नरगी गांव निवासी कथावाचक शिव मूरत उपाध्याय से हुई। 2023 में इ.एफ. करने को लेकर चर्चा हुई तो आरोपी ने कहा कि सीधी में उसके परिचित का कॉलेज और यूनिवर्सिटी है। वहां उसने फीस में छूट दिलाने और केवल परीक्षा देने आने का भरोसा दिया।

आरोप है कि इसी दौरान उसने एडमिशन के नाम पर एक लाख रुपए भी लिए। भरोसा बढ़ाने के लिए उसने युवती की मुलाकात वाराणसी में अपनी बहन के परिवार से भी कराई। पीड़िता के मुताबिक, 5 जून 2024 को वह बीएड की परीक्षा देने सीधी आई थी। 28 जून को परीक्षा खत्म होने के बाद 29 जून को आरोपी उसे अपने गांव नरगी ले गया। वहां उसने खाने और लड्डू में नशीला पदार्थ मिला दिया। तबीयत बिगड़ने पर एक और गोली खाने के लिए दी। इसके बाद उसका शरीर शिथिल हो गया।

पीड़िता का आरोप है कि वह होश में थी, लेकिन विरोध करने की स्थिति में नहीं थी। इसी दौरान आरोपी ने उसकी इच्छा के विरुद्ध रेप किया। बाद में शादी का झांसा देकर उसका भरोसा जीत लिया और अलग-अलग जगह शारीरिक शोषण करता रहा। पीड़िता के अनुसार, 23 अगस्त 2025 को आरोपी ने अचानक संबंध खत्म कर दिए। जब वह न्याय की उम्मीद लेकर उसकी बहन के पास पहुंची तो शादी से इनकार कर दिया गया। आरोप है कि उसे कहा गया कि जहां जाना है चली जाओ। पुलिस भी कुछ नहीं कर पाएगी।

### बारिश से रास्ता भटका, डॉक्टर का लोगो लगाकर ओडिशा से आ रहा था

# पुलिस चेकिंग देख गांजा तस्कर ने दौड़ाई कार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर**



जबलपुर में शुक्रवार रात पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान डॉक्टर का लोगो लगी कार से 10 किलो गांजा बरामद किया। कार में कांच पर डॉक्टर का लोगो भी बना हुआ था। कार चालक उड़ीसा से गांजा लेकर छत्तीसगढ़ होते हुए मध्यप्रदेश में दाखिल हुआ था।

इसके बाद वह जबलपुर से होते हुए किसी अन्य जिले की ओर जा रहा था। मुखबिर की सूचना पर खमरिया थाना पुलिस ने अमझर घाटी के नीचे वाहन चेकिंग शुरू की और कार का पीछा किया। पुलिस को देखकर चालक कार लेकर भागने लगा। इस दौरान वह रास्ता भटक गया और अंधेरे का फायदा उठाकर कार छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें 10 किलो गांजा मिला, जिसकी कीमत करीब 1 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस अब चालक की तलाश कर रही है।

जबलपुर एसपी संपत उपाध्याय के निर्देश पर सीएसपी सतीश कुमार साहू के नेतृत्व में खमरिया थाना पुलिस की टीम शुक्रवार रात अमझर घाटी के नीचे वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान प्रधान आरक्षक आरती सोनकर को मुखबिर से सूचना मिली कि एक कार में लाखों रुपए का गांजा जबलपुर शहर लाया जा रहा है। इसे शहर के अलग-अलग इलाकों में खपाया जाना था। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने चेकिंग शुरू की। सीएसपी सतीश साहू ने बताया कि पुलिस ने कार नंबर CG04-HB6745 को जब्त किया है। कार के कांच पर डॉक्टर का लोगो बना हुआ था। चालक उड़ीसा से गांजा लेकर छत्तीसगढ़ होते हुए एमपी की सीमा में दाखिल हुआ था। जबलपुर होते हुए वह किसी अन्य जिले की ओर जा रहा था। पुलिस ने काफी दूरी तक कार का पीछा किया और उसे जब्त कर लिया। हालांकि, अंधेरे का फायदा उठाकर चालक मौके से फरार हो गया।

### सड़क पर बैठे जानवर को भी मारी टक्कर

सीएसपी ने बताया कि भागने के दौरान कार चालक ने सड़क पर बैठे एक जानवर को भी टक्कर मार दी थी, जिससे उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने भी काफी दूर तक कार का पीछा किया था। बाद में पुलिस ने कार को जब्त कर तलाशी ली। इसमें करीब 10 किलो गांजा मिला, जिसकी कीमत करीब 1 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस अब कार चालक की तलाश में जुटी हुई है।

## बहाना बनाकर रोका, गैंगरेप की कोशिश, हैवानों से भिड़ी युवती

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ गुना**

गुना के नेशनल हाईवे पर गुरुवार रात गैंगरेप के प्रयास की दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। दूसरे राज्य से अपने मंगेतर से मिलने आई युवती उसके साथ बाइक से टेकरी सरकार मंदिर दर्शन कर लौट रही थी।

रात करीब 8 बजे तीन बदमाशों ने बाइक का टायर पंचर होने का बहाना बनाकर उन्हें रोक लिया। चाबी छीनने के बाद जंगल में ले गए और 3 साथियों को भी बुला लिया। बदमाशों ने पहले मंगेतर के साथ मारपीट कर नकदी और सामान लूट लिया।

इसके बाद छह आरोपियों ने युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता के अनुसार, आरोपियों ने उसे थप्पड़ों और डंडों से बेरहमी से पीटा, कपड़े फाड़ दिए और हाथ उसी के कपड़ों से बांध दिए। विरोध करने पर एक आरोपी ने अमानवीय क्रूरता दिखाते हुए उसके प्राइवेट पार्ट में लकड़ी डाल दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

इसके बावजूद युवती हिम्मत नहीं हारी। उसने बदमाशों के सामने झुकने के बजाय उनका डटकर मुकाबला किया। वह लगातार चीखती रही, आरोपियों को नोंचा, दांतों से काटा और हर संभव तरीके से विरोध करती रही। उसके कड़े विरोध से आरोपी पूरी तरह अपने मंसूबे में सफल नहीं हो सके। जिस जगह से बदमाश युवती और उसके मंगेतर को जंगल में ले गए, वहां वाहनों की आवाजाही थी। दो राहगीरों ने बदमाशों को रोकने की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने उन पर पत्थर बरसा दिए।

### 25 हजार कर दो, बाकी स्टाफ के लिए करवा देना

# एडीओ से रिश्वत मांगने वाले ऑडियो; ठेकेदार बोला-मैं खुद घाटे में, ज्यादा नहीं कर पाऊंगा

₹25 हजार कर दो, बाकी स्टाफ के लिए करवा देना...₹ और जवाब आता है, ₹मैडम, दोनों दुकानों के 25 हजार ही दे पाऊंगा, अभी घाटे में हूं...₹। मुरैना आबकारी विभाग से जुड़े चार कथित ऑडियो-वीडियो सामने आए हैं।

दावा किया जा रहा है कि इनमें शराब ठेकेदार और जिला आबकारी अधिकारी (डीओ) व सहायक जिला आबकारी अधिकारी (एडीओ) के बीच अलग-अलग समय पर हुई बातचीत रिकॉर्ड है। इन कथित ऑडियो में शराब दुकानों पर माल की आपूर्ति, कथित ₹महीना₹ तय करने, पैसों के लेन-देन और स्टॉक जारी करने को लेकर चर्चा हो रही है।

ठेकेदार का आरोप है कि दुकानों पर समय पर माल उपलब्ध कराने के बदले उससे हर महीने रिश्वत मांगी जा रही थी। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की जांच कराई जाएगी और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### क्या है पूरा मामला

मुरैना शहर की नैनागढ़ रोड और इस्लामपुरा स्थित दो लाइसेंसी शराब दुकानों के ठेकेदार रामवीर सिंह गुर्जर ने जिला आबकारी अधिकारी पारस गौतम और सहायक जिला आबकारी अधिकारी निधि गुप्ता पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ठेकेदार का दावा है कि दुकानों पर समय पर शराब का स्टॉक उपलब्ध कराने और आपूर्ति प्रभावित नहीं होने देने के बदले उससे हर महीने रिश्वत मांगी जा रही थी। उनका यह भी आरोप है कि कथित लेन-देन नहीं होने पर कई बार इंडेंट देने के बावजूद समय पर माल उपलब्ध नहीं कराया गया, जिससे बिक्री प्रभावित हुई और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। ठेकेदार का कहना है कि इसी विवाद के दौरान हुई बातचीत के तीन कथित ऑडियो अब सामने आए हैं। उनका दावा है कि ये ऑडियो उनके आरोपों की पुष्टि करते हैं। दूसरी ओर, जिला आबकारी अधिकारी पारस गौतम का कहना है कि पूरे मामले की जांच कराई जाएगी और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दावा: हर महीने 20 लाख रुपए से ज्यादा का नुकसान

शराब ठेकेदार रामवीर सिंह गुर्जर का दावा है कि उन्होंने मुरैना शहर की नैनागढ़ रोड और इस्लामपुरा स्थित दो शराब दुकानों का ठेका 8 करोड़ 46 लाख रुपए में लिया है। उनका आरोप है कि आबकारी विभाग के कुछ अधिकारी अन्य बड़े ठेकेदारों को प्राथमिकता देकर उन्हें समय पर माल उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। उनका कहना है कि कई बार इंडेंट देने के बाद भी एक-एक सप्ताह तक स्टॉक नहीं मिलता, जिससे बिक्री प्रभावित होती है और उन्हें हर महीने 20 लाख रुपए से अधिक का नुकसान उठाना पड़ रहा है। रामवीर का दावा है कि हाल ही में उन्होंने गोदाम पहुंचकर वीडियो बनाया, जिसके बाद उन्हें माल उपलब्ध कराया गया। उनका आरोप है कि उनसे लगातार कथित रूप से महीना मांगा जा रहा है, जिससे उनका कारोबार प्रभावित हो रहा है।

# खोला एक गेट,शिवना के कैचमेंट में बारिश से कालाभाटा बांध लबालब



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर**

शिवना नदी के कैचमेंट क्षेत्र में हुई तेज बारिश से कालाभाटा बांध में पानी की आवक बढ़ गई है। बांध 21 फीट तक भरने के बाद जलस्तर नियंत्रित रखने के लिए एक गेट 6 इंच तक खोल दिया गया है। इससे शिवना नदी में जलस्तर बढ़ गया है और रामघाट पर इसे करीब 4 फीट पर बनाए रखा जा रहा है।

बांध से लगातार पानी छोड़े जाने से पशुपतिनाथ मंदिर के सामने शिवना का प्रवाह भी तेज हो गया है। नल-जल सभापति नीलेश जैन ने बताया कि कैचमेंट में अच्छी बारिश होने से अब शहर की पेयजल व्यवस्था को लेकर किसी प्रकार की चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि कालाभाटा बांध को सामान्य रूप से 19 फीट पर मेंटेन किया जाएगा, ताकि अचानक पानी की आवक बढ़ने पर बेहतर प्रबंधन किया जा सके। उन्होंने भगवान पशुपतिनाथ महादेव से जिले के सभी जलाशयों के शीघ्र लबालब भरने की प्रार्थना भी की।

### मां ने पानी के अंदर तड़पाया, शव गोद में लेकर बैठी; दूसरी बेटी होने से नाराज थी

# 4 दिन की बेटी को नीले ड्रम में डुबोकर मार-डाला

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ सीधी**



प्रदेश के सीधी जिले में मां ने अपनी 4 दिन की बेटी को तड़पा-तड़पाकर मार डाला। मां ने बच्ची को नीले ड्रम में भरे पानी में डुबो दिया। पानी में ज्यादा देर तक डूबने से बच्ची का दम घुट गया। मामला चुरहट के भेलकी गांव का है।

मृत बच्ची की पहचान प्रिशा पटेल (4 दिन) के रूप में हुई है। उसके पिता पंकज पटेल और मां सोनू पटेल (21) हैं। पुलिस के अनुसार, बच्ची का शव पानी से भरे ड्रम में मिला है। मर्डर के बाद मां अपने बेटी के शव को गोद में लेकर बैठी रही। परिजन के अनुसार, सोनू पटेल ने 26 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुरहट में बच्ची को जन्म दिया था। परिवार ने उसका नाम प्रिशा रखा था। 28 जुलाई को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद मां और नवजात घर लौट आए थे। 30 जुलाई को सुबह 11 बजे नवजात अपने बिस्तर पर नहीं मिली। परिजन ने घर और आसपास तलाश की। इसी दौरान घर के सामने रखे पानी से भरे नीले प्लास्टिक के ड्रम में बच्ची का शव मिला। ड्रम का ढक्कन खुला था, लेकिन उसमें पानी भरा हुआ था।

### पिता बोले- यह मेरी दूसरी बेटी थी

बच्ची के पिता पंकज पटेल ने बताया कि उनके बड़े भाई की तीन बेटियां हैं, जबकि प्रिशा उनकी दूसरी संतान थी। उन्होंने कहा कि वह गांव में मजदूरी करते हैं। उनके पास कोई स्थायी आजीविका का साधन नहीं है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। शव का पंचनामा तैयार किया गया। पोस्टमॉर्टम कराया गया। पुलिस ने परिजनों और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की।

## परासिया कफ सिरप कांड में आरोपी ज्योति सोनी रिहा

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा जिले के परासिया में जहरीले (कोल्ड्रिफ) कफ सिरप से मासूम बच्चों की मौत के चर्चित मामले में मुख्य आरोपियों में शामिल 'अपना मेडिकल स्टोर' की प्रोपराइटर ज्योति सोनी को 271 दिन बाद जमानत मिल गई है। शुक्रवार को न्यायालय ने उनकी जमानत मंजूर कर ली, जिसके बाद उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया। यह मामला वर्ष 2025 में कई बच्चों की मौत के बाद पूरे मध्य प्रदेश में चर्चा का विषय बना था। घटना के बाद शासन ने विशेष जांच दल गठित कर मामले की विस्तृत जांच कराई थी।

# मुरैना में 3 करोड़ की जमीन को कराया कब्जामुक्त

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुरैना**



मुरैना की अंबाह तहसील में प्रशासन ने अवैध कब्जों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को ग्राम लुधावली में 41 बीघा से अधिक सरकारी पट्टा भूमि को कब्जामुक्त कराया। करीब 3 करोड़ रुपये कीमत की इस जमीन का कब्जा 8 पट्टाधारियों और उनके वारिसों को सौंपा गया। यह भूमि वर्ष 2003 में गरीब परिवारों को आजीविका के लिए आवंटित की गई थी, लेकिन उन्हें वर्षों से इसका वास्तविक कब्जा नहीं मिल सका था।

कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड के निर्देश पर एसडीएम अंबाह प्रतिज्ञा शर्मा के नेतृत्व में तहसीलदार नरेश शर्मा और राजस्व विभाग की सीमांकन टीम ने ग्राम लुधावली के सर्वे क्रमांक 302 और 306 की भूमि का सीमांकन किया। सीमांकन के बाद 41 बीघा से अधिक सरकारी पट्टा भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराकर वास्तविक भूमिस्वामियों को सौंप दिया गया।

प्रशासन के अनुसार लाभान्वित परिवारों को वर्ष 2003 में शासन द्वारा भूमि के पट्टे आवंटित किए गए थे, लेकिन वर्षों तक वे अपनी ही जमीन पर कब्जा नहीं पा सके। इस दौरान कई मूल पट्टाधारियों का निधन भी हो गया। ऐसे मामलों में उनके वैध वारिसों को सीमांकन के बाद जमीन का कब्जा सौंपा गया। इससे पहले 23 जुलाई 2026 को भी तहसीलदार नरेश शर्मा के नेतृत्व में इसी गांव के 14 पट्टाधारियों को सीमांकन के बाद उनकी भूमि का कब्जा दिलाया गया था। प्रशासन का कहना है कि गरीब और पात्र परिवारों को उनकी जमीन वापस दिलाने का अभियान लगातार जारी है। इस कार्रवाई में कदुमी, कैलाशी, ओमप्रकाश, आशाराम, रामबरन, करूआ, इतवारी, मुन्नालाल सिंह, रामसेवक, बंटी और मुकेश सहित ग्राम लुधावली के पात्र पट्टाधारियों और उनके वारिसों को भूमि का कब्जा सौंपा गया। तहसीलदार नरेश शर्मा ने बताया कि अंबाह तहसील में गरीब एवं असहाय लोगों की जमीन से अवैध कब्जे हटाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

# रिश्तेदार ने नाबालिग को अगवा कर होटल में रेप किया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸**

ग्वालियर के बहोड़ापुर थाना क्षेत्र में 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी के अपहरण और दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि रिश्तेदारी का एक युवक बातचीत करने के बहाने किशोरी को कार में बैठाकर ले गया और होटल में ले जाकर जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

जानकारी के अनुसार, कुछ समय पहले आरोपी के परिजनों ने किशोरी के लिए रिश्ते का प्रस्ताव रखा था, लेकिन नाबालिग होने के कारण उसके परिजनों ने इनकार कर दिया था। इसके बाद आरोपी ने कथित तौर पर वारदात को अंजाम दिया। घटना 25 जुलाई की बताई जा रही है।

डरी-सहमी किशोरी ने छह दिन बाद परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में शुक्रवार को मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के शंकरपुर निवासी 15 वर्षीय किशोरी ने पुलिस को बताया कि 25 जुलाई की शाम करीब 5 बजे वह तबीयत खराब होने पर किशनबाग स्थित एक मेडिकल स्टोर से दवा लेने गई थी। इसी दौरान उसका दूर का रिश्तेदार साहिद अहमद ऑल्टो कार लेकर वहां पहुंचा। परिचित होने के कारण उसने बातचीत के बहाने किशोरी को कार में बैठा लिया। जब किशोरी ने साथ जाने से मना किया तो आरोपी ने उसे धमकाया और जबरन कार लेकर निकल गया।

### होटल के कमरे में ले जाकर किया दुष्कर्म

आरोप है कि साहिद किशोरी को जबरन पुरानी छावनी स्थित एक होटल में ले गया। वहां कमरे नंबर 105 में जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। वारदात के बाद आरोपी किशोरी को वापस किशनबाग के पास छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद आरोपी की धमकियों से डरी किशोरी कई दिनों तक चुप रही। शुक्रवार को उसने हिम्मत जुटाकर मां और मौसी को पूरी घटना बताई। इसके बाद परिजन उसे लेकर बहोड़ापुर थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस जांच में सामने आया है कि कुछ समय पहले आरोपी के परिजनों ने किशोरी के लिए शादी का प्रस्ताव रखा था। हालांकि, किशोरी के नाबालिग होने के कारण उसके परिजनों ने बालिग होने तक सगाई और शादी की बात टाल दी थी।

# माता सीता के हाथ में तलवार पर उठे सवाल



'रामायण' पर अब तक बनीं कई फिल्मों और सीरियलों में माता सीता के किरदार को शालीनता, त्याग, अटूट निष्ठा और सौम्यता का प्रतीक दिखाया गया है। सीता की छवि एक ऐसी आदर्श नारी की है, जिसने अपने पति के साथ 14 वर्षों के वनवास पर जाना मंजूर किया। अपना अपहरण करने वाले रावण को भी घास के एक तिनके (कुश) से धमकाते हुए अपने करीब भी नहीं फटकने दिया। यही नहीं, अपनी आलोचनाओं का हिम्मत से सामना किया और अंत में अपने स्वाभिमान को सर्वोपरि मानकर वह धरती में समा गईं। लेकिन अब नितेश तिवारी की 'रामायण' के ट्रेलर की वजह से माता सीता और उनके व्यक्तित्व को लेकर अलग ही चर्चा छिड़ गई है। दरअसल, ट्रेलर में सीता का एक बेहद दिलचस्प शॉट दिखाया गया है। पीली साड़ी पहने वह एक हाथ में डाल लिए तलवार लहराती दिखती हैं। चंद सेकंड इस शॉट ने सोशल मीडिया पर चर्चा छेड़ दी है कि क्या इस 'रामायण' में सीता के एक ऐसे पहलू को दिखाया जाएगा जिसे पहले नजरअंदाज किया गया? खैर, फिल्म की रिलीज के बाद ही इस सवाल का जवाब मिलेगा।

# वो कौन थी रीमेक में होंगी जैकी



जैकलीन फर्नांडीस हाल ही में फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में नजर आईं। खबर है कि एक्ट्रेस ने एक नई फिल्म साइन की है, जो 1964 में आई प्रसिद्ध हॉरर थ्रिलर 'वो कौन थी' का आधिकारिक रीमेक होगी। इसे राज खोसला ने निर्देशित किया था और मनोज कुमार, प्रेम चोपड़ा और हेलन मुख्य भूमिकाओं में थे। जैकलीन को लेकर बनने वाली रीमेक की कहानी उत्तर भारत के एक छोटे शहर में घटित होगी। जैकलीन एक कामकाजी महिला की भूमिका में नजर आएंगी और उन्हें कुछ असामान्य घटनाओं का सामना करते हुए दिखाया जाएगा।

# बिकिनी में दिव्या का टशन



टीवी और रियलिटी स्टार दिव्या अग्रवाल एक बार फिर अपने ग्लैमरस अंदाज की वजह से सुर्खियों में हैं। उनकी लेटेस्ट बिकिनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तहलका मचा रही हैं। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर खुद इन्हें शेयर किया है। बिकिनी के साथ उन्होंने शिमरी श्रग पहना है, जो उनके लुक में चार चांद लगा रहा है। दिव्या ने बोल्ड आई मेकअप और यूनिक हेयरस्टाइल से अपना लुक कम्प्लीट कियम्है। उनके कातिलाना पोज, एक्सप्रेशन्स और ओवरऑल प्रेजेंटेशन फैंस का ध्यान खींच रहा है। तस्वीरों में एक्ट्रेस का आत्मविश्वास साफ झलक रहा है।

## मां के नक्शेकदम पर चलकर एक्ट्रेस बनीं आकांक्षा



'बद्रीनाथ की दुल्हनिया', 'रनवे 34' जैसी फिल्मों में नजर आईं अभिनेत्री आकांक्षा सिंह ने गुरुवार को अपना जन्मदिन मनाया। 30 जुलाई 1990 को जयपुर में जन्मीं आकांक्षा ने टीवी सीरियल 'ना बोले तुम ना मैंने कुछ कहा' (2012) से एक्टिंग डेब्यू क्या था। उन्होंने फिजियोथेरेपिस्ट का डिग्री कोर्स किया है। लेकिन अपनी मां के नक्शेकदमों पर चलते हुए उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। आकांक्षा की मां एक थिएटर आर्टिस्ट थीं, जिसकी वजह से बचपन से ही उनका झुकाव अभिनय और कला की तरफ रहा। अपने डेब्यू शो में एक विधवा मां मेघा व्यास के किरदार में आकांक्षा ने ऐसी छाप छोड़ी थी कि उन्हें इंडियन टेली अवॉर्ड्स में फ्रेश न्यू फेस फीमेल का अवॉर्ड मिला था। वह कई तेलुगू और तमिल फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। पिछले साल आई वेब सीरीज 'खाकी द बंगाल चैप्टर' में वह एसआईटी अफसर अरत्रिका भौमिक के रोल में थीं।

# नीतीश भारद्वाज ने रणबीर कपूर को दी सलाह

टीवी सीरियल 'महाभारत' में भगवान श्रीकृष्ण का किरदार निभाने वाले एक्टर नीतीश भारद्वाज ने गुरुवार को नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' के ट्रेलर को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने फिल्म के विजुअल इफेक्ट्स, कलाकारों की परफॉर्मेंस और संगीत की तारीफ करते हुए रणबीर कपूर को सलाह दी। नीतीश भारद्वाज ने इंस्टाग्राम पर 'रामायण' का ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा, बेस्ट फॉरेन फिल्म के लिए यह 100% ऑस्कर की हकदार है। बधाई हो नमित। नितेश तिवारी, सत्यजीत रे और शेखर कपूर के बाद भारतीय सिनेमा की दुनिया को भारत का अगला बड़ा तोहफा हैं। प्रोडक्शन डिजाइन और सिनेमैटोग्राफी के लिए यह फिल्म कई पुरस्कार जीत सकती है। श्क्र और अक की मदद से बनाया गया इसका पीरियड वर्ल्ड शानदार है। भारतीय सिनेमा के साथ कोलेबोरेट करने के लिए महान संगीतकार हैंस जिमर का भी धन्यवाद।

# टॉक्सिक की नादिया का बर्थडे पर तोहफा

शानदार एक्टिंग के साथ-साथ अपने फैशन सेंस और स्टाइलिश अंदाज के लिए पहचानी जाने वालीं वर्तमान दौर की सबसे खूबसूरत अभिनेत्रियों में से एक कियारा आडवाणी ने 31 जुलाई को 35वां बर्थडे सेलिब्रेट किया। इस मौके पर उनकी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक : ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन अप्स' के निमार्ताओं ने उनके किरदार नादिया का दिलचस्प पोस्टर रिलीज किया है। कियारा इसमें काफी स्टनिंग लग रही हैं। वैसे तो फिल्म से एक्ट्रेस के अब तक कई पोस्टर्स और लुक सामने आ चुके हैं। कुछ दिनों पहले यश के साथ उनके रोमांटिक गाने 'तबाही' ने इंटरनेट पर खूब धूम मचाई, लेकिन आज मेकर्स ने नए पोस्टर के साथ बर्थडे विश किया। उन्होंने लिखा, हमारी नादिया को बर्थडे की शुभकामनाएं। पोस्टर में कियारा रेड कलर के ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही हैं।





## पहले प्ले-स्कूल में संभालती थीं बच्चे

आप जानते ही होंगे कि कियारा आडवाणी काफी अमीर परिवार से ताल्लुक रखती हैं। ईशा अंबानी उनकी बचपन की दोस्त हैं। आपको यह भी पता होगा कि कियारा ने साल 2014 में रिलीज फिल्म 'फुगली' से डेब्यू किया था। लेकिन क्या आपको यह पता है कि वह फिल्मी दुनिया में आने से पहले क्या करती थीं? कियारा ने एक इंटरव्यू में बताया था कि फिल्मों में आने से पहले वह कोई मॉडलिंग असाइनमेंट या एक्टिंग वर्कशॉप नहीं करती थीं, बल्कि अपनी मां के प्ले-स्कूल में बच्चों को संभालने (बेबी सिटिंग) का काम करती थीं। वह रोज सुबह 7 बजे वहां पहुंच जाती थीं और बच्चों की देखभाल करती थीं। बच्चों को नर्सरी की मजेदार कविताएं सुनाना, उन्हें अल्फाबेट्स और गिनती याद कराना उन्हें अच्छा लगता था। यहां तक कि उन्होंने प्ले-स्कूल में छोटे बच्चों के डायपर तक बदले हैं।

# डराने में 'रागिनी' का साथ देंगी आरजे महावश

हॉरर ड्रामा फ्रेंचाइजी 'रागिनी एमएमएस' का तीसरा पार्ट जल्द बनने वाला है। इस फिल्म की चर्चा कई दिनों से चल रही है। नई खबर यह है कि जुनैद खान और तमन्ना भाटिया स्टारर 'रागिनी 3' में अब आरजे महवश की एंट्री हो गई है। शशांक घोष के निर्देशन में बन रही इस फिल्म को 'डेट नाइट थ्रिलर' बताया जा रहा है, जिसमें हॉरर, सस्पेंस और सुपरनैचुरल एलिमेंट्स का जबरदस्त तड़का देखने को मिलेगा। महावश को फिल्म में एक अहम किरदार के लिए साइन किया गया है। वह फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर चुकी हैं। उनके जुड़ने के बाद फिल्म की स्टारकास्ट और भी दमदार हो गई है। अब फिल्म में आयुष शर्मा, जुनैद खान, तमन्ना भाटिया, नरगिस फाखरी और आरजे महवश जैसे कलाकार नजर आएंगे।

**फिल्म को 'डेट नाइट थ्रिलर' बताया जा रहा है**



## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## रंग भरकर चित्र बनाओ







## जोक्स

पति-पत्नी चोरी के बारे में बात कर रहे थे...
पति - जो चोरी करता है, वो बाद में बहुत पछताता है।
पत्नी (रोमांटिक अंदाज में) बोली - और तुमने शादी से पहले जो मेरी नींदें चुराई थी, मेरा दिल चुराया था, उनके बारे में क्या ख्याल है...?
पति - कह तो रहा हूं, जो चोरी करता है वो बाद में बहुत पछताता है...!



कभी भी अकेलेपन का अहसास सताए, तो घर की सभी लाइट्स बंद करके भूत वाली मूवी देखो...

कसम से कभी अकेलापन महसूस नहीं होगा, हर वक्त लगेगा कि कोई पीछे खड़ा है...!

पत्नी (पति से) - कहां जा रहे हो...?
पति - मरने जा रहा हूं...!
पत्नी - साथ में थैली लेकर जाना...
पति - वो किसलिए...?
पत्नी - अगर इरादा बदल जाए, तो आते समय कुछ सब्जियां लेते आना...!



## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**

1. ध्वज, पताका-2
4. वहम, संदेह-2
6. दलहन-2
7. खाली, रिक्त-2
9. रसूल, अल्लाह-3
12. अभिनेत्री मुनमुन सेन की पुत्री का सिर्फ नाम-3
14. सिवाय, बगैर-3
16. इराक की राजधानी-4
17. समधी की पत्नी-4
18. पीसना, महीन करना-3
20. उष्ण, गर्म-3
22. उत्तम, विष्णु अवतार-3
24. परत, तह-2
26. खेती-2
27. अधर, होठ-2
28. ताऊ की पत्नी, बड़ी मां-2

**ऊपर से नीचे**

1. जल प्रपात-3
2. आइल-2
3. हूर, अप्सरा-2
5. सूक्ति, वाणी, शबद-3
6. पिता के पिता-2
8. स्टार, सितारा-2
10. रोचक, सुंदर, मनोहारी-5
11. शीतलता, मुठभेड़-2
13. सतरंगा, शंकर धनुष-5
14. सिर्फ एक, एकमात्र-3
15. हवस, कामेच्छा-3
19. लाख-2
20. जहर, विष-3
21. आनंदित, मनमौजी-2
22. मुनि, साधू-2
23. अच्छाई, सदाशयता-3
25. सुरक्षा-2
26. कीड़ा, कीट-2

## माथा पच्ची



**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल



शब्दजाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछे 'राज' लगा हो. शब्द ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

---------------

रामराज, रावणराज, मेघराज, राजाधिराज, एतराज, पर्वतराज, महाराज, विराज, दराज, स्वराज

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 2 | | 1 | 6 | |
| | 27 | | 24 | | 33 | |
| | 5 | 3 | | 7 | 1 | |
| 1 | 30 | 6 | 37 | 3 | 34 | 5 |
| 7 | 1 | | | | 2 | 4 |
| | 38 | | 40 | | 26 | |
| | 7 | 4 | | 5 | 2 | 1 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### माथा पच्ची का हल



### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 6 | 7 |
| 1 | 30 | 6 | 34 | 2 | 31 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 |
| 6 | 30 | 1 | 33 | 3 | 34 | 5 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 7 | 1 | 6 |
| 7 | 35 | 4 | 35 | 4 | 28 | 2 |
| 4 | 7 | 3 | 6 | 5 | 2 | 1 |

### शब्दजाल का हल



## सूडोकू नवताल

★ ☆ ☆ ☆ ☆
सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | | | 3 | | 6 | 1 | |
| 6 | 7 | | 9 | | 4 | | 2 | |
| 2 | | | | | 1 | | | 4 |
| | 3 | 9 | | | 7 | | | |
| | 6 | 2 | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 6 | | | 9 | 3 | |
| 3 | | | 5 | | | | | 7 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | 8 | 3 |
| | 8 | 5 | | 7 | | | 9 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |

## कोयला खदान में विस्फोट, बलूचिस्तान में 34 खनिकों की मौत

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक कोयला खदान में मीथेन गैस विस्फोट होने से 34 खनिकों की मौत हो गई। हादसा क्वेटा के बाहरी इलाके में स्थित खदान में गुरुवार को हुआ। रातभर चले बचाव अभियान के बाद सभी शव बरामद कर लिए गए हैं। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, शुरूआती जानकारी में खदान के भीतर 42 लोगों के मौजूद होने की आशंका थी। बचाव दल ने सभी मृतकों के शव निकाल लिए हैं। बलूचिस्तान के खान एवं खनिज मंत्री शोएब नोशेरवानी ने हादसे पर शोक व्यक्त करते हुए प्रत्येक मृतक के परिवार को 5 लाख पाकिस्तानी रुपये मुआवजा देने की घोषणा की। बलूचिस्तान में कोयला खदानों में होने वाले हादसे आम हैं। कई खदानों में पर्याप्त वेंटिलेशन, मीथेन गैस की निगरानी प्रणाली और अन्य बुनियादी सुरक्षा इंतजामों का अभाव रहता है।

## भारत भूटान को 4,000 करोड़ की रियायती ऋण सुविधा देगा

भारत और भूटान ने गुरुवार को पांचवीं भारत-भूटान विकास सहयोग वार्ता में द्विपक्षीय विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान भारत ने भूटान को 4,000 करोड़ रुपये की रियायती ऋण (छल्ली ड्डा उशॅ्रि३) सुविधा देने पर सहमति जताई। दोनों देशों ने स्वास्थ्य क्षेत्र में नई साझेदारी और ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देने पर भी सहमति बनाई। बैठक की सह-अध्यक्षता भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री और भूटान के विदेश सचिव दाशो पेमा लेक्टुप दोर्जी ने की। वार्ता में भूटान की 13वीं पंचवर्षीय योजना के तहत भारत समर्थित विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति और क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। भारत ने भूटान के विकास कार्यों के लिए 4,000 करोड़ रुपये की रियायती ऋण सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा की। इसके साथ ही दोनों देशों ने स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। भारत ने भूटान की ग्रीन मोबिलिटी पहल के तहत 45 इलेक्ट्रिक वाहन भी भूटान की शाही सरकार को सौंपे।

## सड़कों पर मवेशियों से हादसों में मुआवजा दिया जाए

सुप्रीम कोर्ट ने सड़कों पर घूम रहे लावारिस पशुओं से होने वाले हादसों पर गंभीर चिंता जताई है। कोर्ट ने कहा- पशुओं को नेशनल हाईवे, सड़कों और गलियों में यूं ही नहीं छोड़ सकते। वे नेचुरल स्पीड ब्रेकर नहीं हैं। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने शुक्रवार को केंद्र और राज्य सरकारों से ऐसे हादसों के पीड़ितों को मुआवजा देने का नियम बनाने को कहा। साथ ही सुझाव दिया कि जरूरत हो तो इसके लिए कानूनों और नियमों में संशोधन भी किया जाए। कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को यह सलाह पंजाब के संगरूर की रहने वाली निशा की याचिका पर दी। निशा के पति विजय की 21 सितंबर 2007 को सड़क पर पैदल जाते समय आवारा सांड के हमले में मौत हो गई थी। कोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिया कि महिला को चार सप्ताह में 15 लाख मुआवजा दें। साथ ही कोर्ट ने कहा- हालांकि, इसे भविष्य के मामलों में नजीर नहीं माना जाएगा।

## किसान सम्मान निधि योजना 5 साल बढ़ाई गई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को केंद्रीय कैबिनेट और सीसीए की बैठक हुई। इसमें समुद्र मंथन, सूर्य सरोवर योजना, पीएम सम्मान निधि और खेलो इंडिया जैसी कई योजनाओं पर फैसले लिए गए। बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट ब्रीफिंग को संबोधित किया। उन्होंने कहा- समुद्र मंथन नाम की एक बड़ी योजना को मंजूरी दी गई है। इसका मकसद देश में तेल और गैस उत्पादन के लिए खोज करना है और इसके लिए 84,084 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। यह देश में तेल और गैस की बढ़ती मांग के लिए एक बड़ा गेम-चेंजर साबित होगा।

## बारिश के लिए अनोखी परंपरा, महिलाओं ने फोड़ीं मटकियां

**उदयपुर।** मानसून सीजन शुरू होने के बाद भी अब तक उदयपुर में अच्छी बारिश नहीं हुई तो चिंता सताने लगी। इस बीच मेवाड़ की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए शुक्रवार को उदयपुर के ओल्ड सिटी इलाके में महिलाओं ने इंद्रदेव को खुस करने के लिए अनोखी परंपरा निभाई। शुक्रवार शाम भोईवाड़ा की राजमाली समाज की महिलाएं मटकियां लेकर पिछोला झील से सटे गणगौर घाट पहुंचीं। यहां सरोवर की पूजा-अर्चना की गई और घूघरी का भोग अर्पित किया गया। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने सिर पर जल से भरी मटकियां रखकर शहर की गलियों से होकर धार्मिक गीतों और मंगलगान के बीच शोभायात्रा निकाली। महिलाएं भगवान से अच्छी बारिश, शहर की खुशहाली, परिवारों की सुख-समृद्धि और सभी के मंगल की प्रार्थना करती हुई आगे बढ़ीं।

### अब राष्ट्रपति को मिलिट्री एक्शन का अधिकार; ट्रम्प के एक सांसद ने वोटिंग नहीं की

# ईरान पर हमले रोकने का बिल एक वोट से गिरा

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ वाशिगंटन

ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने का प्रस्ताव अमेरिकी सीनेट में एक वोट से गिर गया है। गुरुवार को हुई वोटिंग में इसके पक्ष में 49 और विरोध में 50 वोट पड़े। ट्रम्प की पार्टी के एक सांसद डेव मैककॉर्मिक वोटिंग में शामिल नहीं हुए।

अगर यह प्रस्ताव पास हो जाता, तो अमेरिकी राष्ट्रपति को ईरान पर हमलों से पहले संसद की मंजूरी लेना जरूरी हो जाता। यानी राष्ट्रपति खुद यह फैसला नहीं ले सकते थे। ईरान जंग को लेकर विपक्षी सांसद मांग कर रहे हैं कि ऐसे किसी भी सैन्य अभियान पर अंतिम फैसला संसद ही ले। ताजा घटनाक्रम के बाद इसे सीनेट में लाने के लिए दोबारा कोशिश करनी होगी। सैन्य कार्रवाई रोकने का विधेयक फिलहाल अमेरिकी सीनेट की विदेश मामलों से जुड़ी कमेटी के पास है।

अमेरिकी अखबार द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने दावा किया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिकी सेना को इस सप्ताहांत तक ईरान पर नया सैन्य हमला करने की तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। कार्रवाई का उद्देश्य तेहरान पर दबाव बढ़ाना है। हरख ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से कहा है कि इस सैन्य कार्रवाई की योजना पर काम चल रहा है। हाल ही में ट्रम्प ने जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकाने पर हुए हमले के बाद ईरान को कड़ी सैन्य कार्रवाई की चेतावनी भी दोहराई थी। ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव मोहम्मद बाकिर जोलकद्र ने कहा है कि यदि अमेरिका की नौसैनिक घेराबंदी जारी रहती है तो होर्मुज पर प्रतिबंध और सख्त होगा। ईरानी सरकारी समाचार एजेंसी फार्स के मुताबिक, जोलकद्र ने कहा- अमेरिकी शासन की लगातार नौसैनिक घेराबंदी और आक्रामक कार्रवाई के जवाब में दूसरे जलमार्गों और अहम समुद्री रास्तों को भी बंद किया जाएगा।



**करीब तीन साल बाद इजराइल भेजा गया अमेरिकी कच्चा तेल**

अमेरिका से करीब तीन साल बाद पहली बार कच्चे तेल की खेप इजराइल के लिए रवाना हुई है। जहाजों की आवाजाही पर नजर रखने वाले डेटा के मुताबिक, टेक्सास से क्रूड लेकर एक जहाज आज इजराइल जा रहा है। जहाज में लगभग 5.5 लाख बैरल कच्चा तेल है। यह जानकारी शिपिंग ट्रैकर छरएत्र्क्के आंकड़ों के आधार पर दी गई है। इससे पहले अक्टूबर 2023 में अमेरिका से इजराइल के लिए कच्चे तेल की खेप भेजी गई थी।

### ईरानी ठिकानों पर हमले की रिपोर्ट पर चुप पेंटागन

अमेरिकी रक्षा विभाग (पेंटागन) ने उन रिपोर्टों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है, जिनमें कहा गया है कि अमेरिका और इजराइल ईरान के ऊर्जा ढांचे पर हमले की योजना बना रहे हैं। पेंटागन के मुख्य प्रवक्ता सीन पार्नेल ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के फैसले से पहले विभाग किसी संभावित लक्ष्य पर टिप्पणी नहीं करेगा। सीन पार्नेल ने बयान में कहा- डिपार्टमेंट ऑफ वॉर पूरी तरह तैयार है और राष्ट्रपति के निर्देश मिलते ही तुरंत कार्रवाई करने के लिए तैयार है। यह बयान उइर ठी६२ की उस रिपोर्ट के बाद आया है, जिसमें एक सूत्र के हवाले से दावा किया गया कि अमेरिका और इजराइल ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर बमबारी की योजना बना रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि हमले सप्ताहांत के दौरान हो सकते हैं और सोमवार को बाजार खुलने से पहले पूरे किए जा सकते हैं।

## हिमस्खलन- नेपाल के मशहूर पर्वतारोही निर्मल पुर्जा पाकिस्तान में लापता



### 10 मेंबर्स के साथ ब्रॉड पीक पर चढ़ाई कर रहे थे; 4 शव बरामद, रेस्क्यू जारी

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ काठमांडू

नेपाल के मशहूर पर्वतारोही निर्मल पुर्जा पाकिस्तान में हिमस्खलन यानी एवलांच की चपेट में आने के बाद लापता हो गए हैं। अल्पाइन क्लब ऑफ पाकिस्तान के अनुसार, काराकोरम इलाके में 8,051 मीटर ऊंचे ब्रॉड पीक पर चढ़ाई के दौरान करीब 7,000 मीटर की ऊंचाई पर यह हादसा हुआ। न्यूज एजेंसी के अनुसार, पुर्जा के साथ 9 मेंबर थे। शिखर पर चढ़ने की कोशिश के दौरान बर्फीले तूफान ने 10 सदस्यीय टीम को अपनी चपेट में ले लिया। लापता होने वालों में नेपाल के 6, पाकिस्तान, ओमान, अमेरिका और चीन का एक-एक पर्वतारोही शामिल है। इनमें से 4 के शव बरामद कर लिए गए हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है, लेकिन खराब मौसम के कारण बचाव कार्य में बाधा आ रही है।




### जीपीएस ट्रैकर में हलचल के संकेत

एवरेस्ट क्रॉनिकल की रिपोर्ट के मुताबिक निर्मल पुर्जा के ऋढर ट्रैकर में हल्की हलचल देखी गई है। हालांकि, एक्सपर्ट का कहना है कि यह तकनीकी खराबी भी हो सकती है। ट्रैकिंग डेटा के अनुसार गुरुवार सुबह 9:38 बजे पुर्जा 6,659 मीटर की ऊंचाई पर थे। इसके बाद सुबह 10:18 बजे 800 मीटर की तेजी से गिरावट दर्ज की गई, जो एवलांच के समय से मेल खाती है। नेपाल पर्वतारोहण संघ के पूर्व अध्यक्ष आंग शेरिंग शेरपा ने बताया कि खराब मौसम के कारण हेलीकॉप्टर पहाड़ी इलाके में उतर नहीं पा रहे हैं, जिससे रेस्क्यू ऑपरेशन प्रभावित हुआ है।

# आंधी-बारिश में सड़कों पर 500 पंजाबी छात्र

### लाखों का कोर्स किया, अब वर्क परमिट से इनकार; अल्बर्टा प्रीमियर बोलीं- देश छोड़ना होगा

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

कनाडा में पोस्ट-ग्रेजुएशन वर्क परमिट के आवेदन खारिज होने के बाद करीब 1000 भारतीय छात्र संकट में हैं। ये पिछले 3 हफ्ते से अल्बर्टा के कैलगरी में प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि कुछ ने 29 जुलाई से भूख हड़ताल शुरू कर दी है। इनमें 500 छात्र पंजाबी हैं। जो बारिश, तेज धूप और खराब मौसम के बावजूद छात्र अल्बर्टा के कैलगरी में सड़कों पर डटे हुए हैं।

छात्रों का आरोप है कि जिन नियमों के तहत उन्होंने लाखों रुपए खर्च कर पढ़ाई पूरी की, अब उसी कोर्स को नॉन-क्रेडिबल बताकर वर्क परमिट से इनकार किया जा रहा है। इससे सैकड़ों छात्रों पर डिपोर्टेशन का खतरा मंडरा रहा है। इससे कई लड़कियां डिप्रेशन में हैं, सिर पर परिवार का कर्ज है। उन्होंने कनाडा में पढ़ाई की है, इसलिए उन्हें वहां काम करने का मौका मिलना चाहिए। कनाडा सरकार और अल्बर्टा की प्रीमियर डेनियल स्मिथ ने कहा कि वह पोर्टेज कॉलेज को सीधे तौर पर फर्जी डिग्री देने वाला संस्थान नहीं कहेंगी, लेकिन उनका मानना है कि संस्थान ने स्थायी निवास (ढफ) को लेकर बढ़ा-चढ़ाकर जानकारी दी हो सकती है। उन्होंने कहा कि जिनके पास इंटरनेशनल वीजा, स्टूडेंट वैध स्टेटस या ढफ नहीं होगा, उन्हें देश छोड़ना होगा।



### पढ़ाई पूरी की, फिर भी PGWP से इनकार

एक छात्रा ने बताया कि वह 10 जुलाई 2024 को पहली बार कनाडा पहुंची थी। उसने पढ़ाई पूरी की और किसी भी सब्जेक्ट में फेल नहीं हुई। कॉलेज ने कहा था कि 15 मई 2024 से पहले रजिस्ट्रेशन कराने वाले छात्र पोस्ट-ग्रेजुएशन वर्क परमिट के पात्र होंगे। इसके बावजूद 16 जुलाई 2026 को उसका आवेदन खारिज कर दिया गया। रिजेक्शन में कारण बताया गया कि उसकी कनाडा में एंट्री 23 नवंबर 2025 की दर्ज है। छात्रा का कहना है कि उसके साथ पढ़ने वाली अन्य छात्राओं को वर्क परमिट मिल गया, लेकिन उसका आवेदन अस्वीकार कर दिया गया।

## पाकिस्तान में गैंगस्टर उजैर बलोच के भाई पर हमला, हालत गंभीर

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ कराची

पाकिस्तान के कराची में जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर उजैर बलोच के भाई जुबैर बलोच पर गुरुवार शाम जानलेवा हमला हुआ। कराची के ल्यारी इलाके में उनके घर के बाहर बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। हमले में 40 साल के जुबैर गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि गोलीबारी की चपेट में आए दो राहगीर भी जख्मी हुए हैं। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जुबैर के सीने और पेट में गोलियां लगी हैं और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

पाकिस्तानी अखबार डॉन के मुताबिक, हमलावर वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। घायलों को तुरंत कराची के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां जुबैर की सर्जरी की गई। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, घायल राहगीरों में से एक की हालत भी गंभीर है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है ताकि हमलावरों के भागने के रूट का पता लगाया जा सके। मौके से गोलियों के खोल बरामद किए गए हैं, जिन्हें फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है ताकि इस्तेमाल किए गए हथियार के प्रकार का पता चल सके। हमले के बाद ल्यारी में स्थिति तनावपूर्ण है, जिसके चलते वहां अतिरिक्त पुलिस बल और रेंजरों की तैनाती कर दी गई है।

### स्पेन में घुसने पहुंचे 60 हजार प्रवासी, 34 की मौत

# तीन हजार प्रवासी मोरक्को से समुद्र में तैरकर आए थे, बॉर्डर पर सेना ने रोका तो भगदड़ मची

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ स्पेन

स्पेन में जबरन घुसने की कोशिश के दौरान 34 अफ्रीकी प्रवासियों की मौत हो गई। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, घटना तब हुई, जब गुरुवार सुबह 3 हजार प्रवासी एकसाथ स्पेनिश शहर स्यूटा में घुसने की कोशिश कर रहे थे।

सीमा पर पुलिस की घेराबंदी और सुरक्षा बाड़ के बीच संकरे रास्तों के कारण लोग एक-दूसरे पर गिर पड़े। भीड़ में दबने, दम घुटने और समुद्र में डूबने के कारण यह हादसा हुआ। इस दौरान स्पेन और मोरक्को के 100 से ज्यादा सैनिक भी घायल हो गए। स्पेनिश सरकार ने बताया कि 24 घंटे में मोरक्को की तरफ से करीब 60 हजार लोग तैरकर या पैदल चलकर स्यूटा में घुस चुके है। यह शहर की आबादी का 70% है।



### स्यूटा से ही यूरोप में घुसने की सबसे ज्यादा कोशिश क्यों

स्यूटा में अफ्रीका और यूरोप की सीधी जमीनी सीमा मिलती है। यह भौगोलिक तौर पर अफ्रीका में है, लेकिन यह स्पेन और यूरोपीय संघ (एव) का हिस्सा है। किसी भी इंसान के स्यूटा में घुसते ही वह यूरोप की सीमा में पहुंच जाता है। इसलिए बेहतर जिंदगी की तलाश में लोग सबसे ज्यादा इस रास्ते को चुनते हैं। स्यूटा और मोरक्को के बीच लगभग 8 किमी लंबी ऊंची बाड़ लगी है। कुछ लोग इस पर चढ़कर या उसे काटकर घुसने की कोशिश करते हैं, हालांकि यह बहुत खतरनाक है। जमीनी रास्ते से स्यूटा में घुसना मुश्किल है। इसलिए कई लोग घुसने के लिए समुद्र का रास्ता चुनते हैं। क्योंकि समुद्री तट की निगरानी करना पूरी तरह संभव नहीं होता।

## बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा 19 साल बाद कोलकाता पहुंचीं

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ कोलकाता

निर्वासित बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा नसरीन शुक्रवार को 19 साल बाद नई दिल्ली से कोलकाता पहुंचीं। नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर समर्थकों ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर तसलीमा ने कहा- उन्हें वापस आकर बहुत अच्छा लगा। कोलकाता उनका दूसरा घर है।' तसलीमा 1993 में उपन्यास लज्जा की वजह से बांग्लादेश से निर्वासित होना पड़ा था। इसके बाद वह कोलकाता आ गई थीं। 2007 में विरोध प्रदर्शन के बाद कोलकाता छोड़ना पड़ा था। वे एक अगस्त को पश्चिम बंगाल के उट शुभेंदु अधिकारी और मशहूर लेखक शीर्षेंदु मुखोपाध्याय के साथ एक कार्यक्रम में शामिल होंगी। नवंबर 2007 में तस्लीमा को कोलकाता छोड़ना पड़ा था।

## मलेशिया में पंजाबी युवती को पाकिस्तानी युवक के साथ पकड़ा

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ मलेशिया

मलेशिया के एक हाईवे पर पंजाबी युवती के साथ बीच सड़क मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें कुछ पंजाबी युवक युवती को घेरकर उससे बहस करते हैं, थप्पड़ मारते हैं और उसके साथ मौजूद पाकिस्तानी युवक से भी धक्का-मुक्की करते दिखाई देते हैं। युवकों का दावा है कि युवती पंजाब के मोगा की रहने वाली है और मलेशिया में पाकिस्तानी युवक के साथ रह रही है। वे उसे भारत डिपोर्ट करने की मांग करते भी दिखाई देते हैं। फिलहाल इस मामले में मलेशिया पुलिस की ओर से भी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। इस वीडियो में कुछ युवक किसी 'रूबी मैम' को फोन कर युवती को भारत डिपोर्ट कराने की मांग करते दिखाई देते हैं।

### युवती को घेरकर परिवार से बात कराने की मांग

कुछ पंजाबी युवक युवती और उसके साथ मौजूद पाकिस्तानी युवक को रोककर सवाल पूछते हैं। पाकिस्तानी युवक दावा करता है कि युवती के परिवार को उनके साथ रहने की जानकारी है और वह रोज उनसे बात करता है। इस पर युवक मौके पर ही युवती के माता-पिता को फोन मिलाने के लिए कहते हैं, लेकिन कॉल नहीं लगती। इसके बाद बहस शुरू हो जाती है।

**बहस के बीच युवती को थप्पड़:** बहस के दौरान एक युवक युवती को अपने माता-पिता से बात कराने के लिए कहता है। इसी दौरान उसे थप्पड़ मार दिया जाता है। थप्पड़ लगने के बाद युवती सड़क पर रोने लगती है। वीडियो में कुछ युवक उसे पाकिस्तानी युवक का साथ छोड़ने के लिए भी कहते सुनाई देते हैं।

## ईरान-अमेरिका जंग में पहली बार मिस्र पर हमला, दमियाता पोर्ट पर ड्रोन अटैक

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ वाशिगंटन

ईरान-अमेरिका जंग में पहली बार मिस्र के पोर्ट पर हमला हुआ है। बुधवार को मिस्र के दमियाता पोर्ट पर दो गैस टैंकरों में लगी आग लगी थी। न्यूयॉर्क टाइम्स ने गुरुवार को मिस्र सरकार के हवाले से बताया कि आग हादसा नहीं, बल्कि ड्रोन हमले का नतीजा थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक ड्रोन ने अमेरिकी कंपनी के नैचुरल गैस स्टोरेज टैंकर एनरगोस विंटर को निशाना बनाया। हमले के बाद पास में खड़ा दूसरा टैंकर ह्यगैसलॉग सलेमह्ल आग की चपेट में आ गया। न्यूयॉर्क टाइम्स ने दो ईरानी सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि हमले का मकसद यह मैसेज देना था कि अगर जंग और बढ़ी तो दुनियाभर की शिपिंग और एनर्जी सप्लाई गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है। सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि 14 देशों ने मैरीटाइम डिफेंस अलायंस बनाने के उसके प्रस्ताव का समर्थन किया है। मंत्रालय के मुताबिक, इस गठबंधन का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय समुद्री शिपिंग मार्गों और वैश्विक व्यापार की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

# डोनाल्ड ट्रम्प का दावा- हमास-इजराइल में शांति समझौता

### हमास हथियार छोड़ेगा, इजराइली सेना पीछे हटेगी; नई फिलिस्तीनी सरकार गाजा को कंट्रोल करेगी

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ वाशिगंटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को दावा किया कि गाजा में हमास और इजराइल के बीच एक बड़ा समझौता हुआ है। हमास और दूसरे सभी हथियारबंद संगठनों ने हथियार छोड़ने पर सहमति जताई है। इसके बाद इजराइली सेना भी गाजा से पीछे हटेगी। ट्रम्प के मुताबिक समझौता कई चरणों में लागू होगा। जैसे-जैसे हमास अपने हथियार छोड़ेगा, वैसे-वैसे इजराइली सेना गाजा से हटेगी। इसके बाद एक इंटरनेशनल स्टेबलाइजेशन फोर्स और नई फिलिस्तीनी पुलिस गाजा की सुरक्षा संभालेंगे।

द टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, हमास के हथियार छोड़ने की मंजूरी के बाद अब 14 दिन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसके तहत समझौते के हर चरण को लागू करने की टाइमलाइन तय की जाएगी। ट्रम्प ने कहा यह डील ट्रम्प 20-पॉइंट गाजा प्लान का सबसे अहम हिस्सा है और गाजा में स्थायी शांति और सुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम है। एक सीनियर अमेरिकी अधिकारी ने दावा किया है कि ईरान चाहता था कि हमास यह समझौता न करे। हालांकि, अब ईरान पहले की तरह हमास की मदद करने की स्थिति में नहीं है। इसलिए हमास ने अपने और गाजा के लोगों के हित को देखते हुए फैसला लिया। द टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड के अधिकारियों ने पूर्व सुप्रीम लीडर अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में पहुंचे हमास डेलिगेशन से जल्दबाजी में प्रस्ताव स्वीकार नहीं करने को कहा था।



### बोर्ड ऑफ पीस क्या है?

ट्रम्प ने पहली बार सितंबर 2025 में गाजा युद्ध खत्म करने की योजना पेश करते हुए इस बोर्ड का प्रस्ताव रखा था। रॉयटर्स के मुताबिक, अमेरिका ने करीब 60 देशों को इस बोर्ड में शामिल होने का न्योता भेजा था।

इस बोर्ड की भूमिका सिर्फ गाजा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वैश्विक स्तर पर संघर्षों को सुलझाने का भी काम करेगा। बोर्ड ऑफ पीस चार्टर के मुताबिक, जो देश तीन साल से ज्यादा समय तक इस बोर्ड का सदस्य बनना चाहते हैं, उन्हें 1 अरब डॉलर का योगदान देना होगा।

**नई फिलिस्तीनी सरकार को समर्थन चाहिए-** गाजा का प्रशासन नई तकनीकी फिलिस्तीनी सरकार संभालेगी। लेकिन उसे स्थानीय लोगों, फिलिस्तीनी गुटों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय का भरोसा जीतना होगा।

## सुभाषितानि

**एवमेतद्यथात्थ त्वमात्मानं परमेश्वर।**
**द्रष्टुमिच्छामि ते रूपमैश्वरं पुरुषोत्तम॥**

**भावार्थ** : हे परमेश्वर! आप अपने को जैसा कहते हैं, यह ठीक ऐसा ही है, परन्तु हे पुरुषोत्तम! आपके ज्ञान, ऐश्वर्य, शक्ति, बल, वीर्य और तेज से युक्त ऐश्वर्य-रूप को मैं प्रत्यक्ष देखना चाहता हूँ।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 01 अगस्त, 2026

**नाहं देहो न मे देहो बोधोऽहमिति निश्चयी।**
**कैवल्यं इव संप्राप्तो न स्मरत्यकृतं कृतम्॥**

**भावार्थ** : न मैं यह शरीर हूँ और न यह शरीर मेरा है, मैं ज्ञानस्वरुप हूँ, ऐसा निश्चित रूप से जानने वाला जीवन मुक्ति को प्राप्त करता है। वह किये हुए (भूतकाल) और न किये हुए (भविष्य के) कर्मों का स्मरण नहीं करता है।

## तत्क्षणमेव पुलिसैः प्रमाणसङ्ग्रहार्थं क्षेत्रस्य घेरणं कृत्वा प्रमुखनगरमार्गेषु

ब्रह्मास्त्र ›› जयपुर

अपराधस्य सूचनां प्राप्य जयपुरपुलिसः कार्यवाहीम् अकरोत्। पुलिस उपायुक्त दक्षिण, राजर्षि राज, महेश नगर थाना सदन अधिकारी मदन कडवासरा, सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी पुलिस बल सहित घटनास्थल प्राप्त हुए। तत्क्षणमेव पुलिसैः प्रमाणसङ्ग्रहार्थं क्षेत्रस्य घेरणं कृत्वा प्रमुखनगरमार्गेषु, निर्गमस्थानेषु, राजमार्गेषु च नाकाबंदीः कृता। अस्मिन् कार्यकाले हत्यायां सम्बद्धाः चत्वारः अपि अभियुक्ताः घटनायाः केवलं ४२ निमेषेषु एव गृहीताः। प्रारम्भिकपुलिसपरीक्षायां ज्ञातं यत् गृहीतानाम् एकः व्यक्तिः पूर्वमेव वांछितः अपराधी आसीत्, अन्येषु कतिपयेषु प्रकरणेषु पलायितः आसीत् परन्तु हत्यायाः पृष्ठतः वास्तविकः प्रेरणा अस्पष्टः।

## सम्पादकीयम्

### आर्थिकवैषम्यस्य मध्ये एकः नूतनः

लोकतन्त्राय धनिकानाम् आवश्यकता अस्ति वा? वर्धमानस्य आर्थिकवैषम्यस्य मध्ये एकः नूतनः वादविवादः अमेरिकादेशे भारते च वर्धमानस्य आर्थिकवैषम्यस्य विषये चिरकालात् विवादः अस्ति। यद्यपि केचन विशेषज्ञाः एतत् सामाजिकराजनैतिकचुनौत्यस्य स्रोतः इति पश्यन्ति तथापि जॉन् ओ.मैक्गिनिस् स्वपुस्तके तर्कयति यत धनिनः लोकतन्त्रस्य अन्तः संतुलनं, नवीनतां, वैचारिकवैविध्यं च पोषयन्ति मृत्युञ्जयरायः - विगतदशकेषु अमेरिकादेशे धनिनः अपि अधिकं धनिनः भवन्ति इति विषये महत्त्वपूर्णा चर्चा अभवत्, यदा तु मध्यमवर्गस्य आर्थिकसमृद्धिः स्थगितवती अस्ति। तत्र 'कब्ज वालस्ट्रीट्' इत्यादीनि आन्दोलनानि उद्भूताः, येषां लक्ष्यं शीर्ष १ प्रतिशतं भवति स्म-अतिधनवन्तः। प्रायः तर्क्यते यत् वर्धमानसामाजिकवैषम्यं अस्थिरतां जनयति। अमेरिकादेशे अतिधनवन्तः करं दातुं आग्रहाः अपि अभवन्; विशेषतः बर्कशायर-हैथवे-संस्थायाः संस्थापकः विश्वस्य धनिकतमव्यक्तिषु अन्यतमः वारेन बफेट् इत्ययं एतादृशं आह्वानं कुर्वतां मध्ये अस्ति। भारते अपि वादविवादः अमेरिकादेशे धनिकजनानाम् विषये वादविवादः महत्त्वपूर्णः अस्ति यतोहि अयं विश्वस्य सर्वाधिकशक्तिशाली लोकतन्त्रः अस्ति, बृहत्तमा अर्थव्यवस्था च अस्ति इदानीं भारते-विश्वस्य बृहत्तमः लोकतन्त्रे-विगतकेषु।

### अहं कारागारात्, फाँसीयाः वा भयं न करिष्यामि

# शेखहसीना इत्यस्य डिसेम्बरमासपर्यन्तं बाङ्गलादेशं प्रति प्रत्यागमनस्य प्रमुखा घोषणा

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

बाङ्गलादेशस्य पूर्वप्रधानमन्त्री शेखहसीना इत्यनेन घोषितं यत् अस्मिन् वर्षे डिसेम्बरमासपर्यन्तं सा स्वदेशं प्रत्यागमिष्यति, यत्किमपि भवतु-यद्यपि तस्याः गिरफ्तारी, कारावासः, मृत्युः वा भवितुम् अर्हति। २०२४ तमस्य वर्षस्य अगस्तमासात् भारतस्य नवीदिल्लीनगरे निवसन्ती शेखहसीना स्वजनानाम् आह्वानेन स्वदेशं प्रति प्रत्यागन्तुं इच्छति इति उक्तवती, पुनरागमने यत्किमपि कानूनी राजनैतिकपरिस्थितिः उत्पद्यते तस्य सामना कर्तुं पूर्णतया सज्जा अस्ति इति।

अन्तर्राष्ट्रीयवार्तासंस्था एएफपी इत्यस्मै ईमेलद्वारा प्रेषितस्य प्रतिक्रियायां शेखहसीना अवदत् यत् भविष्ये किं भवितुम् अर्हति इति सा पूर्णतया अवगतः अस्ति। सा स्वीकृतवती यत् तस्याः हत्या, गृहीता, कारागारे वा भवितुं शक्यते, तथापि बाङ्गलादेशं प्रति प्रत्यागमनस्य निर्णये सा अनिर्विण्णः एव अस्ति। सा मन्यते यत् देशस्य जनाः तां पुनः आह्वयन्ति, सा स्वदेशभूमौ स्थित्वा कस्यापि परिस्थितेः सामना कर्तुम् इच्छति इति।

पूर्वं रायटर्स् इति समाचारसंस्थायाः सह वार्तालापे शेखहसीना इत्यनेन अपि उक्तं यत् सा स्वपक्षस्य नेतारः च निर्वासनात् प्रत्यागत्य बाङ्गलादेशस्य न्यायालयानां सम्मुखीभवन्ति इति। सा आरोपितवती यत् तस्याः दलस्य अवामीलीगस्य नेतारः कार्यकर्तारः च निरन्तरं दमनस्य सामनां कुर्वन्ति। सा व्यक्तवती यत् यदि सा म्रियते तर्हि स्वदेशस्य मृत्तिकायां भवतु-यत्र तस्याः मातापितरौ दफनौ स्तः, यत्र तस्याः परिवारः बलिदानं कृतवान् च



उल्लेखनीयं यत् २०२४ तमे वर्षे बाङ्गलादेशे यत् छात्रान्दोलनं आरब्धम् आसीत्-प्रारम्भे सर्वकारीयकार्यस्य कोटाव्यवस्थायाः विरोधं कुर्वन्-क्रमेण व्यापकं सर्वकारविरोधि-आन्दोलनं जातम् आन्दोलनकारिणां सुरक्षाबलानाञ्च हिंसकसङ्घर्षस्य अनन्तरं देशे सर्वत्र राजनैतिकसंकटः गहनः अभवत्। अस्य मध्ये शेखहसीना प्रधानमन्त्रिपदं त्यक्त्वा २०२४ तमस्य वर्षस्य अगस्तमासे बाङ्गलादेशं त्यक्त्वा भारतं प्रति गच्छति स्म ।तस्याः प्रस्थानेन तस्याः प्रायः १५ वर्षाणां शासनस्य समाप्तिः अभवत्।

शासनपरिवर्तनस्य अनन्तरं बाङ्गलादेशस्य अन्तर्राष्ट्रीयअपराधन्यायाधिकरणेन शेखहसीना-प्रशासनस्य अनेकाः पूर्वमन्त्रिणां विरुद्धं मानवताविरुद्ध-अपराध-सहिताः विविध-आरोपाणां विषये कार्यवाही आरब्धा उपलब्धसूचनानुसारं छात्रान्दोलनकाले घटितघटनाभिः सम्बद्धे प्रकरणे अपि न्यायाधिकरणेन तस्य अनुपस्थितौ मृत्युदण्डः दत्तः अस्ति। परन्तु एतेषां प्रकरणानाम् विषये राजनैतिक-कानूनी-विमर्शाः प्रचलन्ति। राजनैतिकसंक्रमणस्य अनन्तरं अवामीलीगस्य क्रियाकलापाः प्रतिबन्धिताः। दलस्य बहवः वरिष्ठनेतारः गृहीताः, अन्ये तु विविधाः कानूनीप्रकरणाः सन्ति। इदानीं बाङ्गलादेशे अस्मिन् वर्षे आयोजिते सामान्यनिर्वाचने बाङ्गलादेशराष्ट्रवादीदलः विजयं प्राप्तवान्, दलस्य प्रमुखः तारिक रहमानः च प्रधानमन्त्रित्वेन शपथं कृतवान् शेखहसीना इत्यस्य नवीनतमेन वक्तव्येन बाङ्गलादेशस्य राजनैतिकपरिदृश्यं पुनः उत्तेजितम् अस्ति। यदि सा डिसेम्बरमासपर्यन्तं देशं प्रत्यागच्छति तर्हि तस्याः लम्बितकानूनीप्रकरणानाम्, न्यायिकप्रक्रियाणां च सामना कर्तव्यः भवेत्।

### गुजरातनगरे प्रचण्डवृष्ट्या विनाशः

# सेना एकस्मिन् विद्यालये अटन्तः ५७ जनान् उद्धारयति

**सूरतनगरे ४८०० तः अधिकाः जनाः स्थानान्तरिताः**

ब्रह्मास्त्र ›› अहमदाबाद

गुजरातनगरे प्रचण्डवृष्ट्या जलप्रलयसदृशाः परिस्थितयः सृज्यन्ते। नवसारीमण्डलस्य रिंगरोड् इत्यत्र स्थिते टाटा उच्चविद्यालये जलप्रलयजलेन फसन्तः ५७ जनान् सेना सुरक्षिततया निष्कासितवती। तदतिरिक्तं दादरा-नगरहवेली-नगरयोः मधुबन-जलबन्धक्षेत्रस्य समीपे सन्दूरी-ग्रामात् सेना २३ दुर्बल-नागरिकान् उद्धारयित्वा राहतशिबिरेषु स्थानान्तरितवती जलप्रलब्धक्षेत्रेभ्यः दुःखदः आह्वानं प्राप्य सेना मानवीयसहायतां आपदाराहतकार्यक्रमं च आरब्धवती।

दक्षिणकमाण्डेन सान्दूरीग्रामे उद्धारदलानि नियोजितानि। नागरिकप्रशासनस्य, स्थानीयस्वयंसेविकानां च पार्श्वे कार्यं कुर्वन्तः सेनाकर्मचारिणः निष्कासनं कृतवन्तः। स्थले एव चिकित्सासाहाय्यं प्रदत्तम्, ग्रामजनानां कृते राशनं, राहतसामग्री च वितरितम्। सेना उक्तवती यत् राहत-उद्धार-कार्यक्रमाः प्रचलन्ति। वर्षाकारणात् अनेके मार्गाः निरुद्धाः सन्ति। अहमदाबाद-विरामगम-राजमार्गः प्रचण्डजलप्रवाहस्य कारणेन अस्थायीरूपेण निरुद्धः अभवत्। अहमदाबाद-जिल्लापुलिसः अवदत् यत्, सनान्द-विरामगमयोः मध्ये वा तद्विपरीतम् वा कस्यापि वाहनस्य यात्रा असुरक्षितम् अस्ति। वयं तावत्पर्यन्तं सम्पूर्णं राजमार्गं बन्दं कुर्मः। अहमदाबादस्य जिलाधिकारी भव्य वर्मा इत्यनेन उक्तं यत् स्थितिः नियन्त्रणे अस्ति, यद्यपि अधिकारिणः सतर्काः एव सन्ति। अहमदाबाद-राजकोट-राजमार्गे सेना-एनडीआरएफ-दलानि तैनातानि सन्ति। सः अवलोकितवान् यत् विगत २४ घण्टेषु धोल्का-विरामगम-नगरे।

## राशिफल

**मेष** : दिन आपके लिए उत्साह से भरा रहेगा। अगर किसी से अपने मन की बात कहना चाहते हैं, तो सही समय है।

**वृषभ** : काम के साथ आराम भी जरूरी है। लव लाइफ में मिठास बनी रहेगी और ऑफिस में आपके काम की तारीफ हो सकती है।

**मिथुन** : कोई नया मौका आपके सामने आ सकता है। किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह आपके काम आ सकती है।

**कर्क** : घर और काम के बीच अच्छा तालमेल बना रहेगा। किसी भी बात को लेकर ज्यादा सोचने से बचें।

**सिंह** : ऑफिस में नई जिम्मेदारी मिल सकती है। रिश्तों में प्यार और अपनापन बनाए रखने की कोशिश करें।

**कन्या** : आज अपने जरूरी कामों की लिस्ट बनाकर आगे बढ़ें। जल्दबाजी में कोई फैसला ना लें।

**तुला** : आज हर काम धैर्य से करें। जल्दबाजी नुकसान करा सकती है। पैसों के मामले में समझदारी दिखाएं।

**वृश्चिक** : आज अपने विचार खुलकर रखें लेकिन दूसरों की बात भी ध्यान से सुनें। करियर में आगे बढ़ने का मौका मिल सकता है।

**धनु** : आज कुछ नया सीखने का मौका मिल सकता है। नए लोगों से मुलाकात भविष्य में फायदेमंद साबित हो सकती है।

**मकर** : आज आपको मेहनत का अच्छा परिणाम मिलने की संभावना है। अधूरे काम पूरे करने पर ध्यान दें।

**कुंभ** : आज नए आइडिया और नई सोच आपको आगे बढ़ाने में मदद करेगी। काम के साथ अपनी जिम्मेदारियों को भी समय दें।

**मीन** : आज परिवार के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिलेगा। पैसों की बचत पर ध्यान दें और बेवजह खर्च करने से बचें।

## ज्योतिष/वास्तु

# सिंह समेत पांच राशियों के लिए अगस्त रहेगा शुभ, प्रमोशन और धन लाभ के संकेत

अगस्त 2026 में होने वाले प्रमुख ग्रह गोचर और बनने वाले शुभ योग कई राशियों के लिए सकारात्मक बदलाव लेकर आ सकते हैं। विशेष रूप से कुछ राशि के जातकों को करियर में उन्नति, आर्थिक लाभ, पारिवारिक सुख और सामाजिक सम्मान मिलने की संभावना है।

अगस्त 2026 का महीना ज्योतिष की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण रहने वाला है। इस दौरान कई प्रमुख ग्रह अपनी राशि बदलेंगे, जिसका असर सभी 12 राशियों के जीवन पर अलग-अलग रूप में देखने को मिलेगा। महीने की शुरूआत 2 अगस्त को मंगल के मिथुन राशि में गोचर से होगी। इसके बाद 5 अगस्त को बुध कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। 17 अगस्त को सूर्य अपनी स्वराशि सिंह में गोचर करेंगे, जिससे सूर्य का प्रभाव और अधिक मजबूत होगा। वहीं 22 अगस्त को बुध भी सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। इसके अलावा शुक्र, चंद्रमा और अन्य ग्रहों के नक्षत्र परिवर्तन से भी कई शुभ और विशेष योग बनेंगे। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार अगस्त में बनने वाले बुधादित्य राजयोग, गजलक्ष्मी योग और अन्य शुभ संयोग कुछ राशियों के लिए विशेष रूप से लाभदायक साबित हो सकते हैं। कुछ राशि के जातकों को करियर, आर्थिक स्थिति, पारिवारिक जीवन और सामाजिक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम मिलने की संभावना है। आइए जानते हैं कौन सी हैं वो राशियां।

**मेष राशि-** मेष राशि के जातकों के लिए अगस्त 2026 नई शुरूआत और उपलब्धियों का महीना साबित हो सकता है। ग्रहों की अनुकूल स्थिति आपको हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर दे सकती है। यदि आप लंबे समय से नौकरी में प्रमोशन या नई जिम्मेदारी का इंतजार कर रहे हैं, तो इस दौरान आपकी मेहनत का फल मिलने की संभावना है। वरिष्ठ अधिकारी आपके काम से प्रभावित हो सकते हैं और आपको महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यापार से जुड़े लोगों के लिए भी यह समय अनुकूल रहेगा। यदि आप नया कारोबार शुरू करने या पुराने व्यवसाय का विस्तार करने की योजना बना रहे हैं, तो परिस्थितियां आपके पक्ष में रह सकती हैं। आर्थिक मामलों में भी सुधार देखने को मिलेगा। रुका हुआ धन वापस मिलने या आय के नए स्त्रोत बनने के योग हैं। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। घर, जमीन या वाहन खरीदने का सपना पूरा हो सकता है। प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी और विवाहित जीवन में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, लेकिन खान-पान में लापरवाही से बचना बेहतर होगा।

**कर्क राशि-** कर्क राशि के जातकों के लिए अगस्त का महीना आत्मविश्वास और सफलता लेकर आ सकता है। बुधादित्य राजयोग के प्रभाव से आपकी निर्णय लेने की क्षमता मजबूत होगी। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिभा की सराहना होगी और आपकी पहचान पहले से बेहतर हो सकती है। यदि आप नौकरी बदलने की सोच रहे हैं, तो इस दौरान अच्छे अवसर मिल सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को भी सकारात्मक परिणाम मिलने की संभावना है। व्यापारियों के लिए नए ग्राहक और नए अनुबंध लाभदायक साबित हो सकते हैं। आर्थिक दृष्टि से यह महीना अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि हो सकती है और पुराने निवेश से लाभ मिलने के संकेत हैं। हालांकि खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी होगा, क्योंकि अनावश्यक खर्च आपकी बचत को प्रभावित कर सकते हैं। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। घर में किसी शुभ कार्य की योजना बन सकती है। माता-पिता का सहयोग मिलेगा और परिवार के साथ अच्छा समय बिताने का अवसर मिलेगा।

**सिंह राशि-** सिंह राशि वालों के लिए अगस्त विशेष रूप से शुभ माना जा रहा है क्योंकि इस महीने सूर्य अपनी स्वराशि सिंह में प्रवेश करेंगे। इससे आपके आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और प्रभाव में वृद्धि हो सकती है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होने के योग हैं। करियर में उन्नति के नए अवसर मिल सकते हैं। यदि आप किसी नई नौकरी के लिए प्रयास कर रहे हैं या प्रमोशन की उम्मीद कर रहे हैं, तो आपको सकारात्मक समाचार मिल सकता है। कार्यस्थल पर आपके सुझावों को महत्व मिलेगा और अधिकारी आपकी कार्यशैली से संतुष्ट रहेंगे। व्यापार में भी अच्छी प्रगति होने की संभावना है। नए निवेश से लाभ मिल सकता है, लेकिन किसी भी आर्थिक निर्णय से पहले विशेषज्ञ की सलाह लेना उचित रहेगा। रुका हुआ पैसा वापस मिलने या किसी पुराने विवाद का समाधान होने के संकेत हैं। पारिवारिक जीवन में खुशियां बनी रहेंगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ सकती है और नए लोगों से संपर्क भविष्य में लाभदायक साबित हो सकते हैं। स्वास्थ्य भी सामान्य रहेगा, लेकिन अधिक काम के कारण थकान महसूस हो सकती है।

**कन्या राशि-** कन्या राशि के लोगों के लिए अगस्त का महीना करियर और आर्थिक उन्नति के कई अवसर लेकर आ सकता है। बुधादित्य राजयोग और गजलक्ष्मी योग का सकारात्मक प्रभाव आपकी मेहनत को सफलता में बदल सकता है। कार्यस्थल पर आपके प्रदर्शन की सराहना होगी और आपको नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। यदि आप नौकरीपेशा हैं, तो वेतन वृद्धि या प्रमोशन की संभावना बन सकती है। व्यापारियों के लिए भी यह समय लाभदायक रहेगा। नई साझेदारी या नए निवेश से भविष्य में अच्छा लाभ मिलने के संकेत हैं। आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में मजबूत होगी। आय के साथ-साथ बचत करने में भी सफलता मिलेगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी और किसी मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिल सकता है। विद्यार्थियों के लिए भी समय अनुकूल रहेगा। पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ेगी और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलने की संभावना रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और मानसिक तनाव कम होगा।

**वृश्चिक राशि-** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए अगस्त का महीना भाग्य का साथ लेकर आ सकता है। गजलक्ष्मी योग और ग्रहों के शुभ प्रभाव से आर्थिक मामलों में मजबूती आने की संभावना है। यदि लंबे समय से कोई योजना अटकी हुई थी, तो अब उसमें प्रगति देखने को मिल सकती है। करियर में आपके प्रयास सफल हो सकते हैं। नौकरी करने वालों को वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलेगा और प्रमोशन या वेतन वृद्धि के अवसर बन सकते हैं। व्यवसायियों के लिए नए निवेश और विस्तार की योजनाएं लाभदायक साबित हो सकती हैं। आर्थिक रूप से यह समय काफी मजबूत रहेगा। आय बढ़ने के साथ-साथ धन संचय करने में भी सफलता मिलेगी। किसी पुराने निवेश से अच्छा लाभ मिलने के संकेत हैं। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। रिश्तों में मधुरता आएगी और परिवार के साथ यादगार समय बिताने का अवसर मिलेगा। अविवाहित लोगों के विवाह की बातचीत आगे बढ़ सकती है। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, लेकिन नियमित दिनचर्या बनाए रखना लाभदायक रहेगा।

### लवलीना बोरगोहेन पर नजरः आज कॉमनवेल्थ गेम्स में 5 खेलों में मेडल की उम्मीद

# भारत के बॉक्सर 10 गोल्ड मेडल मैच खेलेंगे

ब्रह्मास्त्र ›› ग्लासगो



कॉमनवेल्थ गेम्स के नौवें दिन भारतीय मुक्केबाज 10 गोल्ड मेडल मैच में हिस्सा लेंगे। इनमें ओलिंपिक मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन भी शामिल हैं।

शनिवार को भारतीय खिलाड़ी बॉक्सिंग, एथलेटिक्स, पैरा एथलेटिक्स, जूडो, ट्रैक साइक्लिंग और लॉन बॉल्स में चुनौती पेश करेंगे। दिनभर में कुल 44 गोल्ड मेडल इवेंट्स होंगे। इनमें 19 एथलेटिक्स-पैरा एथलेटिक्स, 14 बॉक्सिंग, 6 ट्रैक-पैरा ट्रैक साइक्लिंग और 5 जूडो के फाइनल शामिल हैं। भारत की शुरूआत दोपहर 3:30 बजे प्रीति पवार के महिला 54 किग्रा फाइनल से होगी। इसके बाद 3:45 बजे जैस्मिन लांबोरिया (57 किग्रा) और 4:15 बजे जदुमणि सिंह (55 किग्रा) गोल्ड के लिए उतरेंगे। रात 9 बजे साक्षी चौधरी 51 किग्रा, 9:15 बजे प्रिया घंघास 60 किग्रा, 9:30 बजे अरुंधति चौधरी 70 किग्रा, 10:15 बजे लवलीना बोरगोहेन 75 किग्रा, 10:45 बजे सचिन सिवाच 60 किग्रा, 11:15 बजे अंकुश पंघाल 80 किग्रा और 11:45 बजे नरेंद्र बरवाल 90+ किग्रा में अपने फाइनल मुकाबले खेलेंगे।

**एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स में भी मेडल की उम्मीद-** दोपहर 2:35 बजे शुभम जुयाल और सोमन राणा पुरुष शॉटपुट एफ-57 फाइनल में उतरेंगे। इसके बाद 2:40 बजे प्रवीण चित्रावेल और सेल्वा प्रभु तिरुमारण पुरुष ट्रिपल जंप में हिस्सा लेंगे। फिर दोपहर 2:50 बजे रमेश शन्मुगम पुरुष 1500 मीटर टी-54 और 3 बजे प्रियंका गोस्वामी एंड रवीना गायकवाड़ महिला 10,000 मीटर रेस वॉक फाइनल खेलेंगी।

### जूडो और ट्रैक साइक्लिंग में भी मुकाबले

- रात 11:35 बजे देव मीणा और कुलदीप कुमार पुरुष पोल वॉल्ट फाइनल में उतरेंगे। इसके बाद 12:15 बजे गुलवीर सिंह पुरुष 5000 मीटर और 1:50 बजे भारत की मिक्स्ड 4X400 मीटर रिले टीम पदक के लिए चुनौती पेश करेगी।
- जूडो में उन्नति शर्मा, करणजीत सिंह मान, हर्ष तोकस और इनुंगानबी ताखेल्लामबम अपने-अपने शुरूआती मुकाबले खेलेंगे। जीत मिलने पर वे अगले दौर में पहुंचेंगे।
- ट्रैक साइक्लिंग में 4:19 बजे दिनेश कुमार और हर्षवीर सिंह सेखों पुरुष 10 किमी स्क्रैच रेस क्वालिफाइंग में उतरेंगे। क्वालिफाई करने पर दोनों रात 10:50 बजे फाइनल खेलेंगे।

### लॉन बॉल्स में इंग्लैंड से मुकाबला

लॉन बॉल्स में 3:50 बजे नवनीत सिंह और दिनेश कुमार की भारतीय जोड़ी पुरुष पेयर्स सेक्शनल प्ले में इंग्लैंड का सामना करेगी। क्वालिफाई करने पर यही जोड़ी रात 11:45 बजे सेमीफाइनल खेलेगी। वहीं 10:20 बजे नयनमोनी सैकिया महिला सिंगल्स सेक्शनल प्ले में साउथ अफ्रीका की ब्रिजेट हर्सेलमैन के खिलाफ उतरेंगी।

## इटली के दिग्गज फुटबॉलर फ्रेंको बारेसी का निधन

ब्रह्मास्त्र ›› इटली

इटली के महान फुटबॉलर फ्रेंको बारेसी का 66 साल की उम्र में निधन हो गया है। वे लंबे समय से बीमार थे। बारेसी ने गुरुवार को मिलान के ह्यूमनिटास डि रोजानो क्लिनिक में अंतिम सांस ली। अगस्त 2025 में फेफड़ों में गांठ (पल्मोनरी नोड्यूल) हटाने के लिए उनकी सर्जरी हुई थी, जिसके बाद वे इम्यूनोथेरेपी ले रहे थे। बारेसी ने 1977 से 1997 तक अपने पूरे क्लब करियर में एसी मिलान का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने मिलान के लिए 719 आधिकारिक मैच खेले और 33 गोल किए। बारेसी 15 सीजन तक टीम के कप्तान रहे। उनकी कप्तानी में मिलान ने 6 सीरी ए खिताब, 3 यूईएफए चैंपियंस लीग (यूरोपियन कप), 3 यूरोपियन सुपर कप, 2 इंटरकांटिनेंटल कप और 4 इटालियन सुपर कप जीते।

## कॉमनवेल्थ गेम्स-जेवलिन में नीरज सिल्वर और यशवीर ने ब्रॉन्ज जीता



ब्रह्मास्त्र ›› ग्लासगो

भारत के जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने कॉमनवेल्थ गेम्स में सिल्वर मेडल जीता। उन्होंने 85.83 मीटर का थ्रो किया। भारत के ही यशवीर सिंह ने 85.41 मीटर का पर्सनल बेस्ट प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीता। श्रीलंका के रुमेश पथिराजे ने 89.75 मीटर थ्रो के साथ गोल्ड मेडल हासिल किया। ग्लासगो में चल रहे गेम्स के आठवें दिन भारत ने कुल 6 मेडल जीते। इनमें 2 गोल्ड, 2 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज शामिल रहे। जूडो में अस्मिता डे ने गेम्स के इतिहास में भारत को पहला गोल्ड दिलाया। इसके 15 मिनट बाद हर्ष सिंह ने दूसरा गोल्ड जीता।यामिनी मौर्य ने सिल्वर मेडल हासिल किया। एथलेटिक्स में तेजस्विन शंकर ने डेकाथलॉन इवेंट में ब्रॉन्ज जीतकर इतिहास रचा। वह कॉमनवेल्थ गेम्स के इस इवेंट में मेडल जीतने वाले पहले भारतीय बने। भारत मेडल टैली में 10वें नंबर पर है। टीम ने 5 गोल्ड, 12 सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज सहित 23 मेडल जीते हैं। नीरज चोपड़ा ने 85.83 मीटर का बेस्ट थ्रो कर सिल्वर मेडल जीता।

## खबर एक नजर...

### पुलिस टीम पर हमला करने वाला इनामी आरोपी गिरफ्तार

**उज्जैन।** आर्म्स एक्ट मामले में माकडोन आई बैतूल पर हमला कर आरोपी को छुड़ाने के मामले में फरार चल रहे 5 हजार के इनामी आरोपी को पुलिस ने 6 साल बाद गिरफ्तार कर लिया। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। माकडोन थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि 20 अगस्त 2019 में बैतूल पुलिस आर्म्स एक्ट मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने माकडोन के ग्राम सालाखेड़ी आई थी। उस दौरान आरोपी को छुडाने के लिये इन्द्र पिता नारायणसिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर लाठियों-पत्थरों से बैतूल पुलिस पर हमला कर दिया था और आर्म्स एक्ट के आरोपी को छुड़ाकर फरार हो गया था। बैतूल पुलिस की शिकायत पर मामले में प्राणघातक हमले और बलवा के साथ शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज किया गया था। कुछ आरोपियों गिरफ्तार कर लिया गया था। इंद्र पिता नारायणसिंह फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर 5 हजार का इनाम घोषित किया गया था। 6 साल बाद मुखबीर से सूचना मिली कि फरार इनामी आरोपी गांव में आया हुआ है। जिसकी गिरफ्तारी के लिये आरक्षक कुन्दन सिंह, प्रकाश मेहता, संतोष पटेल, सुनील लिंबोदिया, सैनिक बहादुर अंबोदिया की टीम गठित की गई और घेराबंदी कर इनामी फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

### सारीबारी मोड़ पर अनियंत्रित हुई बाइक, 3 घायल

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के सारीबारी मोड़ पर शुक्रवार शाम तेजगति से दौड़ती बाइक अनियंत्रित हो गई। घटनाक्रम में 2 मासूम और उनके पिता घायल हो गये थे। चकरावदा टोल एम्बुलेंस को दुर्घटना की खबर मिली तो तत्काल मौके पर पहुंची। ईएमटी राम चौहान ने तीनों को प्राथमिक उपचार दिया और पायलेट भीम नरवरिया के साथ उन्हे चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने तीनों को उपचार के लिये भर्ती किया है। बताया जा रहा है कि घायलों में लखन पिता मोहन 35 साल उसकी 11 साल की पुत्री राधिका और 13 साल का पुत्र मोहित निवासी सांवेर इंदौर के रहने वाले है। मोहन अपनी पुत्री और पुत्र के साथ उज्जैन आया था, जहां से वापस लौटते समय मोड़ पर रफ्तार पर नियंत्रण नहीं रख पाने की वजह से हादसा हुआ है।

### रास्ते के विवाद में 2 पक्षों के बीच चली लाठियां

**उज्जैन।** रास्ते का विवाद और नाली का पानी फैलने पर 2 पक्षों के बीच लाठियां चल गई। एक पक्ष से दादा-पोता घायल हो गये। मामला बड़नगर थाना क्षेत्र के मिठीखेड़ी के रहने वाले मसूर पिता जहूर पटेल 45 साल और शेहजाद पिता दादू पटेल के बीच का है। दोनों के मकान पास-पास बने है। जिनका रास्ता एक है। रास्ते पर नाली का पानी भी बहता है। इसी बात पर बीती शाम दोनों का परिवार आमने-सामने हो गया। गाली-गलौच का मामला मारपीट में बदल गया। मंसूर पटेल के पिता जहूर हाजी 65 साल और पुत्र अफजल पटेल 21 साल घायल हो गये। जहूर हाजी को सिर में लाठी की चोंट लगने पर उपचार के लिये बड़नगर से उज्जैन रैफर किया गया है। बड़नगर थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक

**उज्जैन।** हामूखेड़ी में शुक्रवार देर शाम युवक ने फांसी लगा ली। परिजनों ने उसे फंदे पर लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया है। नागझिरी थाना पुलिस ने बताया कि देवासरोड हामूखेड़ी में रहने वाले लखन पिता बद्रीनाथ 22 साल के घर में फांसी लगाने की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची थी। लखन का शव फंदे से उतारा गया और जांच शुरू की गई। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। परिजन भी फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं कर पाये। शव को पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया गया और मर्ग कायम किया। पुलिस के अनुसार शनिवार सुबह पोस्टमार्टम कराने के बाद मामले की जांच शुरू की जायेगी।

### रात्रिगश्त में शराब पीकर वाहन चलाते मिले 2 चालक

**उज्जैन।** रात्रि गश्त पर निकली माधवनगर थाना पुलिस सेठीनगर, लक्ष्मीनगर, देसाई नगर, वाल्मिकी कॉलोनी, पुलिस कंट्रोल रूम, घासमंडी चौराहा, शहीद पार्क और फ्रीगंज क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर रही थी। इस दौरान तेजगति से वाहन चलाने वालों को यातायात सुरक्षा की दृष्टि से चैक किया जा रहा था। भ्रमण के दौरान टॉवर चौक की ओर से बिना नम्बर की रॉयल एनफिल्ड बुलेट तेजगति में आती दिखाई दी। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो उस पर सवार चालक और उसके परिजनों ने महिला पुलिसकर्मियों से बहस शुरू कर दी। बुलेट चालक नशे की हालत में था। पूछताछ करने पर उसका नाम काईद पिता कासम दाउद खान 20 साल निवासी मौलाना आजाद मार्ग हेलावाड़ी सामने आया। पुलिस टीम ने चालक को मेडिकल परीक्षण के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया, जहां वह शराब के नशे में होना सामने आया। उसके पास बुलेट के दस्तावेज भी नहीं पाये गये। पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 185, 130/177(3), 51/177 मोटर व्हीकल एक्ट में चालानी कार्रवाई करते हुये बुलेट को जप्त कर लिया। रात्रिगश्त के दौरान पुलिस ने फ्रीगंज क्षेत्र से ही स्कूटी क्रमांक एमपी 13 डीवी 4231 की चालिका को रोका वह शराब के नशे में थी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 138-2 | 490-3 |
| मेन बाजार | 288-8 | 679-2 |
| मिलन डे | 126-9 | 236-1 |
| मिलन नाइट | 247-3 | 157-3 |

2 6 8

अस्पतालों से करता था चोरी, खरीददार भी गिरफ्त में

# हिरासत में आए बदमाश से खुला बाइक चोरी का राज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बिना नंबर की बाइक से अवैध शराब का परिवहन करने वाले हिस्ट्रीशीटर बदमाश से बाइक चोरी की वारदात का खुलासा हुआ है। बदमाश अस्पतालों से बाइक चोरी करता था और कम कीमत में बेच देता था। पुलिस ने चोरी की बाइक खरीदने वाले को भी गिरफ्तार किया है।

झारडा थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह गरवाल ने बताया कि 30 जुलाई को बिना नंबर की बाइक से अवैध शराब का परिवहन होने की सूचना मिलने पर नरेन्द्र खेडा फंटा बमनई बायपास रोड पर घेराबंदी कर बिना नंबर की बाइक पर सवार जितेन्द्र सिंह पिता दरबार सिंह राजपूत 28 साल निवासी ग्राम घटिया साईंदास को पकड़ा गया था। उसके पास से प्लास्टिक की केन में भरी 8 लीटर कच्ची जहरीली शराब बरामद की गई। मामले में आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई और बाइक संबंधित दस्तावेज मांगे गए तो जितेंद्र राजपूत ने बाइक चोरी करना कबूल कर लिया। चोरी की बाइक से अवैध शराब का परिवहन किए जाने का मामला सामने आने के बाद उस सख्ती के साथ पूछताछ की गई तो उसने ग्रामीण क्षेत्र के शासकीय अस्पताल परिसरों से बाइक चोरी करने की वारदात करना बताया। चोरी की बाइक बरामद करने का प्रयास किया गया तो उसने कम कीमत में गोपाल पिता मांगुसिंह निवासी घाटपिपल्या को बेचना बताया। पुलिस में चोरी की बाइक बरामद करने के लिए गोपाल को हिरासत में लिया और उसकी निशानदेही पर खरीदी गई दो चोरी की बाइक बरामद की गई। गोपाल को भी चोरी की बाइक खरीदने का आरोपी बनाकर गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि बरामद की गई चोरी की तीन बाइक 1.50 लाख कीमत की है। थाना प्रभारी के अनुसार चोरी की बाइक बरामद करने में थाना टीम के साथ घट्टिया थाना आरक्षक रूपेश परले और कमल मालवीय का सहयोग रहा।



#### आरोपी के खिलाफ पूर्व में दर्ज है प्रकरण

थाना प्रभारी गरवाल ने बताया कि वाहन चोरी की वारदात में गिरफ्तार किये गये आरोपी के खिलाफ पूर्व में 10 अपराधिक प्रकरण दर्ज है। जिसमें वाहन चोरी के साथ आबकारी अधिनियम, मारपीट, चाकूबाजी मोटर व्हीकल एक्ट के प्रकरण शामिल है। चोरी की बाइक खरीने वाले के खिलाफ भी झारड़ा थाना में 3 प्रकरण दर्ज होना सामने आये है। फिलहाल दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

तीन बत्ती चौराहा से फ्रीगंज क्षेत्र का पैदल किया निरीक्षण

# शहर की ट्रैफिक व्यवस्था देखने सड़क पर उतरे एसपी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर की ट्राफिक व्यवस्था का जायजा लेने के लिये शुक्रवार को एसपी प्रदीप शर्मा खुद सड़कों पर उतरे और तीन बत्ती चौराहा से फ्रीगंज क्षेत्र का पैदल निरीक्षण किया। उन्होने यातायात विभाग के अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने के निर्देश जारी किये है।

कुछ समय से शहर की यातायात व्यवस्था काफी बाधित होती दिखाई दे रही है। जगह-जगह जाम के हालत बन रहे है। काफी प्रयास के बाद भी व्यवस्था में सुधार नहीं आ पा रहा है। जिसको देखते हुये एसपी प्रदीप शर्मा शुक्रवार को खुद मैदान में उतरे और उन्होने तीन बत्ती चौराहा से फ्रीगंज क्षेत्र का निरीक्षण किया। तीन बत्ती चौराहा पर नानाखेड़ा क्षेत्र से आने वाले वाहनों के चलते काफी अधिक व्यवस्था बिगड़ने पर उन्होने चौराहा का गंभीरता से जायजा लिया और कट पाइंट को लेकर दिशा निर्देश जारी किये। वहीं चौराहा के आसपास अवैध अतिक्रमण को हटाने के निर्देश जारी किये। एसपी के निरीक्षण के दौरान यातायात डीएसपी ट्रैफिक दिलीपसिंह परिहार, निरीक्षक राकेश तिवारी तथा निवेश मालवीय मौजूद थे। उन्होने क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश देते हुये स्पष्ट किया कि नो-पार्किंग में खड़े वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा यातायात में बाधा बनने वाले अतिक्रमणों को तत्काल हटाया जाए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की सुविधा और शहर में सुगम यातायात बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। एसपी के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने क्षेत्र की व्यवस्थाओं का आंकलन कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया। शहरवासियों से भी यातायात नियमों का पालन करने और निर्धारित स्थानों पर ही वाहन पार्क करने की अपील की गई।



## सावन के प्रथम दिन 51 लाख 'ॐ नमः शिवाय' जाप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बाबा महाकालेश्वर की पावन नगरी उज्जैन में सावन माह के प्रथम दिवस पर शिवभक्ति का भव्य और आध्यात्मिक वातावरण देखने को मिला। श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम में आयोजित सामूहिक 'ॐ नमः शिवाय' जाप में देश के विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने लगभग दो घंटे तक एकाग्रचित्त होकर शिव नाम का स्मरण किया। इस दौरान करीब 51 लाख 'ॐ नमः शिवाय' मंत्रों का जाप किया गया। यह आयोजन पिछले 11 वर्षों से श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम पीठाधीश्वर एवं राज्यसभा सांसद परम पूज्य राष्ट्रीय संत बालयोगी श्री उमेशनाथ जी महाराज की प्रेरणा से ॐ नमः शिवाय जप समिति एवं श्री हरि आध्यात्मिक सेवा संस्थान द्वारा निरंतर किया जा रहा है। संस्था के अनुसार पूरे सावन माह में मठ-मंदिरों, स्कूल-कॉलेजों और विभिन्न सामाजिक स्थलों पर सामूहिक जाप का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में 16 राज्यों से पहुंचे शिष्य एवं श्रद्धालुओं ने शहरों में भी सामूहिक 'ॐ नमः शिवाय' जाप आयोजित करने का संकल्प लिया।

# प्रकाश नगर में चार-पांच दिनों से भटक रही गाय, मालिक का इंतजार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर के प्रकाश नगर क्षेत्र में पिछले चार-पांच दिनों से एक गाय लगातार भटकती हुई दिखाई दे रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार गाय बेहद शांत और सीधी है, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि यह किसी की पालतू गाय है जो रास्ता भटककर यहां पहुंच गई है।

रहवासियों ने बताया कि गाय कई दिनों से इधर-उधर घूम रही है और पर्याप्त चारा-पानी नहीं मिलने के कारण काफी परेशान नजर आ रही है। क्षेत्र के लोगों ने अपने स्तर पर उसे चारा-पानी देने का प्रयास किया है, लेकिन उसका वास्तविक मालिक अब तक सामने नहीं आया है।

गाय के कान में पीले रंग का टैग भी लगा हुआ है, जिस पर 105125 / 961328 नंबर अंकित दिखाई दे रहे हैं। इससे संभावना है कि उसकी पहचान आसानी से की जा सकती है।



स्थानीय नागरिकों ने अपील की है कि यदि यह गाय किसी की है या कोई इसके मालिक को पहचानता है, तो वह तत्काल प्रकाश नगर पहुंचकर गाय को अपने साथ ले जाए। समय रहते मालिक के मिलने से गाय को होने वाली परेशानी से बचाया जा सकेगा और उसे सुरक्षित उसके स्थान तक पहुंचाया जा सकेगा।

# जमानत पर था जहरीला पदार्थ खाने वाला युवक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दुष्कर्म के मामले में अग्रिम जमानत पर रिहा युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। जिसकी गुरूवार रात मौत हो गई थी। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के दौरान सामने आया कि जमानत मिलने के बाद वह नाबालिग के घर 15 दिन पहले हवाई फायर कर चुका था।

भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के धूलमहू में रहने वाले विकास पिता निर्भय आंजना 24 साल ने गुरूवार को जहरीला पदार्थ खा लिया था। उसने आत्मघाती कदम उठाने से पहले मोबाइल स्टेट्स पर पोस्ट भी अपलोड की थी। परिजनों ने उसे उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती किया था। रात में उसकी मौत हो गई थी। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि उसने नाबालिग युवती के प्यार में मौत को गले लगाया है। बताया जा रहा था कि ग्राम रणाहेड़ा में रहने वाली नाबालिग से उसकी सगाई हो चुकी थी, बाद में सगाई टूट गई थी। परिजनों ने नाबालिग का रिश्ता दूसरी जगह कर दिया गया था। नाबालिग की शादी नागझिरी क्षेत्र में हुई थी। विकास सगाई टूटने के बाद भी नाबालिग से ही शादी करना चाहता था। लेकिन नाबालिग के परिजन तैयार नहीं थे। 3 माह पहले विकास नाबालिग को उसके ससुराल से लेकर भाग गया था। परिजनों की शिकायत पर विकास के खिलाफ दुष्कर्म और पास्को एक्ट का प्रकरण नागझिरी पुलिस ने दर्ज किया था। पुलिस विकास को गिरफ्तार कर पाती उससे पहले उसने हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत प्राप्त कर ली थी। 15 दिन पहले विकास पानबिहार चौकी क्षेत्र के ग्राम रणाहेड़ा पहुंचा था और नाबालिग के घर गोली चलाकर दहशत फैलाई थी। उसने परिजनों को धमकाया था कि नाबालिग की शादी दूसरी जगह की तो अच्छा नहीं होगा। नाबालिग के मामा ने विकास की शिकायत दर्ज कराई थी लेकिन विकास के परिजनों ने पुलिस को बताया था कि नाबालिग के परिजन झूठे मामले में फंसाना चाहते है, जिसके चलते उसकी अग्रिम जमानत निरस्त हो जाये। पानबिहार चौकी प्रभारी जयंत डामोर ने बताया कि जांच में गोली चलाने की पुष्टि होने पर विकास के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया था। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। उससे पहले खबर सामने आई कि उसने जहरीला पदार्थ खा लिया है। इधर विकास की मौत होने पर भैरवगढ़ थाना एसआई डीएल रावत ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। परिजनों के बयान दर्ज किये जायेगें। संभवतः अग्रिम जमानत निरस्त होने के डर और नाबालिग के परिजनों द्वारा शादी के लिये तैयार नहीं होने पर उसने आत्मघाती कदम उठाया है। जांच और बयानों के बाद ही मामला स्पष्ट हो पायेगा।

**दुष्कर्म में दर्ज हुआ था केस, नाबालिग के घर चलाई थी गोली**

## काल भैरव में वसूली व किसानों के मुद्दे पर युवा कांग्रेस ने की बैठक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

संगठन को मजबूत करने, मध्य प्रदेश में किसानों के साथ मंडी में वृद्धि और काल भैरव में 500 रुपए की वसूली के मुद्दे को लेकर जिला युवा कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित यादव के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ नेता सतीश मरमट उपस्थित रहे। साथ ही जिला प्रभारी वरेश जादौन एवं प्रदेश महासचिव राधा मालवीय ने भी विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती और प्रदेश तथा स्थानीय स्तर के ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर आगे की रणनीति तैयार की। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष यश जैन, हिमांशु शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष नाजिम कुरेश, महेंद्र रंगवाल, हर्ष पटेल, पवन आंजना, मिलन, योगेश दायमा, बंटी राउत, अश्विन मावरी, अरुण सिसोदिया, आर्यन मालवीय, अरबाज कुरैशी, चेतन प्रजापत, रिजवान लाला, सोनू परमार, यशवंत मालवीय, अभी मालवीय, विक्की सिसोदिया, मनीष कीर, राजपाल बना, यश राज चावड़ा, मुकुंद कीर, मयूर तीनखेड़े, लोकेन्द्र शेखावत एवं युवा कांग्रेस के अन्य साथी उपस्थित रहे।

# मंडी शुल्क 1.5% करने के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**व्यापारियों और किसानों पर अतिरिक्त बोझ का आरोप, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा, ज्ञापन.. मांग नहीं मानी तो जनआंदोलन की चेतावनी**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मंडी शुल्क बढ़ाकर 1.5 प्रतिशत किए जाने के विरोध में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ ने शुक्रवार को आगर रोड स्थित कृषि उपज मंडी पहुंचकर प्रदर्शन किया। प्रकोष्ठ अध्यक्ष पं. वरुण शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने मंडी सचिव के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए बढ़ा हुआ मंडी शुल्क तत्काल वापस लेने की मांग की। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि निर्णय वापस नहीं लिया गया तो प्रदेशभर में जनआंदोलन किया जाएगा।

ज्ञापन में कांग्रेस ने कहा कि सरकार ने व्यापारियों, किसान संगठनों और अन्य संबंधित पक्षों से चर्चा किए बिना मंडी शुल्क बढ़ाने का निर्णय लिया है। इससे कृषि उपज के व्यापार की लागत बढ़ेगी, जिसका असर किसानों को मिलने वाले दाम और आम उपभोक्ताओं तक पहुंचने वाली खाद्यान्न सामग्री की कीमतों पर पड़ेगा। कांग्रेस का कहना है कि पड़ोसी राज्यों की तुलना में अधिक शुल्क होने से प्रदेश का व्यापार प्रभावित होगा और रोजगार के अवसर भी कम हो सकते हैं।

#### सर्वसम्मति से नई नीति बनाने की मांग

कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि मंडी शुल्क बढ़ाने का फैसला तत्काल वापस लिया जाए। साथ ही व्यापारी संगठनों, किसान प्रतिनिधियों और संबंधित हितधारकों से चर्चा कर सर्वसम्मति से नई नीति बनाई जाए, ताकि किसी भी वर्ग पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े।

#### खाद्यान्न महंगा होने का अंदेशा

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने कहा कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के बाद अब सरकार खाद्यान्न पर भी अतिरिक्त बोझ डाल रही है। उनका आरोप है कि मंडी शुल्क बढ़ने से गेहूं, धान, सोयाबीन, मूंग सहित अन्य कृषि उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी होगी, जिससे किसान, व्यापारी और आम उपभोक्ता सभी प्रभावित होंगे।

- ज्ञापन सौंपने के दौरान नेता प्रतिपक्ष रवि राय सहित राजू खंडेलवाल, विशाल जायसवाल, मनोज मालवीय, उत्कर्ष जैन, नीलेश जैन, जगदीश गुलाटी, कमल चौरसिया, प्रभात पंड्या, योगेश नीमा, संजय बरैया, शैलेन्द्र जैन, विवेक जैन, मनीष शर्मा, आशीष लुहाड़िया, रोहित कीमती, बबलू खिंची, दीपेश जैन, हिमांशु शुक्ल, राजेश राणा शिव लश्करी, राहुल लोट, कमल कौशल, अर्पित दुबे, चन्द्रभान सिंह चंदेल, संचित शर्मा, अर्पित यादव, रहीम लाला, असलम भाई, सुरेश गहलोत, सुनील कछवाय, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खंडवा पुलिस से संपर्क कर वृद्धा को परिजनों से मिलवाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

खंडवा के ग्राम संगवाड़ा थाना शेगांव माखन की रहने वाली रमाबाई पति गजराजसिंह राजपूत 76 साल परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर उज्जैन आई थी। महाकाल दर्शन के बाद परिवार गढ़कालिका मंदिर पहुंचा था, जहां भीड़ की वजह से वृद्धा रमाबाई बिछड़ गई। उन्हे बदहवास हालत और आंखों में आंसू देख अंगारेश्वर मंदिर में पूजा करने आये श्रद्धालु श्याम शर्मा निवासी ग्राम लालाखेड़ी, थाना माकड़ोन ने देखा तो पूछताछ की। श्याम शर्मा ने अपने स्तर पर परिजनों की तलाश करने का प्रयास किया लेकिन नहीं मिले। वह वृद्धा को महाकाल थाना पुलिस के पास लेकर पहुंचा। थाना प्रभारी महाकाल गगन बादल द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए उपनिरीक्षकचंद्रभान सिंह एवं पुलिस टीम को तत्काल वृद्ध महिला के परिजनों की तलाश हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस टीम द्वारा महाकाल मंदिर क्षेत्र, आसपास के पार्किंग स्थलों एवं संभावित स्थानों पर खड़ी वाहनों की जांच एवं तलाश की गई। पूछताछ में वृद्ध महिला ने अपना नाम पता बताया था। उनके पास परिवार का मोबाइल नम्बर नहीं था। एसआई चौहान ने खंडवा स्थित शेगांव माखन थाना प्रभारी एस.एन. पांडे से संपर्क स्थापित किया गया। स्थानीय पुलिस के सहयोग से महिला के गांव एवं परिजनों से संपर्क कर उनके साथ आये परिजनों का मोबाइल नम्बर प्राप्त किया। करीब 5 घंटे बाद उज्जैन पुलिस ने वृद्धा के परिजनों को खोज लिया और थाने बुलाकर वृद्धा को उनके सुपुर्द किया। परिजनों का कहना था कि वह भी तलाश कर रहे थे।



प्रेमा पेपर्स एंड स्टेशनरी
आर्य समाज मार्ग मालीपुरा उज्जैन
8965874809,
9977883833
9244533669

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com